26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 15 दिसम्बर, 2025
अंक- 52 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# और अब शावक के वियोग में खेतों में भटक रही बीमार और बूढ़ी मां

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** बढ़ापुर रेंज में 12 दिन पूर्व एक बूढ़ी एवं बीमार मादा हाथी द्वारा नवजात शावक को जन्म देने के तुरंत बाद उसे त्याग दिया गया था। नवजात बेबी एलीफेंट का पालन-पोषण बढ़ापुर रेंज कार्यालय परिसर में हो रहा है। बताया जाता है कि अब शावक के वियोग में उसकी बीमार एवं बूढ़ी मां अपने नवजात शावक को खोजते हुए दिन-रात खेतों में भटक रही है।



खेतों में भटकती बूढ़ी मां।

गौरतलब है कि बीते 10 दिन पूर्व बढ़ापुर रेंज की कक्ष संख्या 6, रामजीवाला में गश्त कर रही वन विभाग की टीम को एक नवजात हाथी का शावक झुण्ड से बिछड़ा हुआ मिला था। तब वह मात्र दो दिन का बताया जा रहा था। झुण्ड से बिछड़े नवजात शावक को उसकी मां से मिलाने के लिए वन विभाग और हाथी विशेषज्ञों की टीम को पीलीभीत व मथुरा से बुलाया गया था। वन अधिकारियों की माने तो विशेषज्ञों की टीम नवजात शावक को उसकी मां से तीन बार मिला चुकी है। किंतु नवजात बेबी एलिफेंट को उसकी मां अपना नहीं पा रही है। वन अधिकारियों द्वारा इस संबंध में बताया गया कि नवजात गज शावक की मां बहुत बूढ़ी है जो उसका पालन पोषण नहीं कर सकती है, इसलिए उसने जन्म देने के तुरंत बाद ही नवजात को छोड़ दिया है।

नवजात शावक का पालन पोषण अब बढ़ापुर रेंज कार्यालय परिसर में वन्य जीव विशेषज्ञ चिकित्सक की देख रेख में हो रहा है।नवजात शावक आज 12 दिन का हो गया है। बूढ़ी मां द्वारा शावक को न अपनाए जाने के बाद डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज द्वारा वाइल्ड लाइफ चीफ लखनऊ से नवजात शावक को किसी पुनर्वास केंद्र भेजे जाने की अनुमति मांगी थी। सूत्र बताते वाइल्डलाइफ के चीफ अवकाश पर होने के कारण शावक को पुनर्वास केन्द्र भेजे जाने की अनुमति नहीं मिल पाई थी। सूत्र यह भी बताते हैं कि 2 दिन पूर्व पीलीभीत के लिए नवजात शावक को भेजे जाने की अनुमति मिल चुकी है किंतु वहां के डीएफओ द्वारा बहुत छोटे शावक को न लिए जाने के करण नवजात शावक को पुनर्वास केंद्र भेजे जाने का मामला अधर में लटका हुआ है।




बढ़ापुर रेंज में नन्हा गज

वही नवजात शावक को जन्म देने वाली उसकी बूढ़ी एवं बीमार मां भी अब अपने शावक की खोज और वियोग में रात-दिन जंगल व खेतों में भटकती हुई दिखाई दे रही है। जिसने अब खाना - पीना भी छोड़ सा दिया है। किसानों का कहना है कि नवजात शावक को जन्म देने वाली बूढ़ी हाथी बीमार भी है। वन विभाग को इसकी सूचना भी दी गई है किंतु वह विभाग उसका उपचार नहीं कर पा रहा है। उपचार के अभाव और शावक के वियोग में वह किसी भी दिन दम तोड़ सकती है। कुल मिलाकर नवजात और उसकी बूढ़ी मां एक-दूसरे के लिए तड़पते हुए दिखाई दे रहे हैं।

**बूढ़ी एवं हाथी के खेतों में भटकने के संबंध में डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है परंतु बीते दो माह से वह इसी तरह जंगलों में अकेली घूमती हुई दिखाई दे रही है। टीम को भेज कर बूढ़ी हाथी को खेतों से दूर रखा जाएगा।**

# राम मंदिर आंदोलन के अहम किरदार डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन



**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के अहम किरदार पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। रीवा मध्य प्रदेश में एक कथा महोत्सव के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका निधन हो गया। 77 वर्षीय रामविलास दास वेदांती का मंदिर आंदोलन में अहम योगदान रहा है। ढांचा विध्वंस के प्रमुख आरोपियों में भी पूर्व सांसद वेदांती का नाम शामिल था। सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ स्वामी परमहंस के साथ-साथ रामविलास दास वेदांती 90 के दशक में मंदिर आंदोलन के अग्रणी किरदार थे। वह 1996 व 1998 में दो बार सांसद भी रहे हैं। उनका पार्थिव शरीर देर शाम तक अयोध्या पहुंचेगा। मंगलवार की सुबह 10 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी शामिल होने की संभावना है। डॉ.वेदांती के निधन पर सीएम योगी ने श्रद्धांजलि दी है। एक्स पर उन्होंने लिखा-श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तंभ, पूर्व सांसद एवं श्री अयोध्या धाम स्थित वशिष्ठ आश्रम के पूज्य संत डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज का गोलोकगमन आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है।




# ख़त्म होगा मनरेगा! ग्रामीण रोजगार पर नया कानून लाने की तैयारी में मोदी सरकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) को निरस्त करने के लिए संसद में एक विधेयक पेश किए जाने की संभावना है। एमजीएनआरईजीए ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिनों के मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान करता है। इसके बदले में एक नया कानून - विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) - लाया जाएगा। नए विधेयक में कार्यदिवसों की मौजूदा संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है।

सरकार ने सोमवार को लोकसभा सदस्यों के बीच वह विधेयक प्रसारित किया, जिसका उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है। विधेयक की प्रति के अनुसार, इसमें संसद में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (ग्रामीण विकास मिशन) विधेयक, 2025 को प्रस्तुत करने और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 को निरस्त करने का प्रावधान है। इस विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत 2047 की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है।





## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025**

मेष- मनोवांछित कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रतियोगिता में अनुकूलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, आमोद प्रमोद में व्यय।

वृषभ- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, धर्म अध्यात्म की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

मिथुन- आज रात्रि 9/42 बजे तक अड़चनें, व्यावसायिक विफलता, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य पूर्ण, आपसी सद्भाव, संत समागम।

कर्क- आज रात्रि 9/42 बजे तक सफलता का मार्ग प्रशस्त, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न, शेष समय विपरीत, आर्थिक हानि संभव, विवाद से नुकसान, मित्रों से असहयोग।

सिंह- अभीष्ट सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, राजनैतिक गतिविधियों में वृद्धि, वैमनस्यता में कमी, शत्रु परास्त, वैवाहिक जीवन मधुर।

कन्या- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, मांगलिक आयोजन सम्पादित, दूसरों के आश्वासनों से राहत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, समझदारी से हानि का बचाव।

तुला- आज रात्रि 9/42 बजे तक समय अशुभ, कार्यों में अड़चनें, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम।

वृश्चिक- आज रात्रि 9/42 बजे तक समय शुभ, आर्थिक उन्नति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी, शेष समय असंतोषजनक, जोखिम से नुकसान, प्रतिष्ठा पर आघात।

धनु- दिनचर्या व्यवस्थित, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, परोपकार की भावना जागृत, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

मकर- चिरवांछित कार्य बनने की ओर, सफलता हेतु विचार-विमर्श, पठन-पाठन में रुचि, आय के नवीन स्रोत, व्यक्तित्व का विकास, अधिकारी वर्ग से सहयोग, लाभ भी।

कुम्भ- आज रात्रि 9/42 बजे तक प्रतिकूलता, योजना अधूरी, समस्याओं से उलझनें, शेष समय बेहतर, व्यापारिक विस्तार, आहार-विहार में नवीनता, विरोधी परास्त।

मीन- आज रात्रि 9/42 बजे तक अनुकूलता, आत्मबल में वृद्धि, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता, शेष समय व्यवधानकारक, स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों में निराशा।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# 20 दिसंबर तक समर कैंप मानदेय नहीं मिला तो 21 को बीएसए कार्यालय पर होगी तालाबंदी- सुचित मलिक



**बिजनौर (चिंगारी)।** रविवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ जनपद बिजनौर की आवश्यक बैठक प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश सुचित मलिक की अध्यक्षता एवं अनुज राणा के संचालन में ऐजाज अली हॉल बिजनौर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश सुचित मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा 5 सितंबर और 6 दिसंबर को संविदा कार्मिकों का मानदेय एक-दो माह में संतोषजनक वृद्धि करने की घोषणा की गई है, अत: संगठन दो माह इंतजार करेगा। तत्पश्चात आन्दोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। संगठन मुख्यमंत्री जी की घोषणा के पूरी होने का विश्वास करता है और आशा करता है इस बार शिक्षामित्रों को धोखा नहीं दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष अजयपाल सिंह ने कहा कि यदि 20 दिसंबर तक समर कैंप मानदेय नहीं निर्गत हुआ, तो 21 दिसंबर को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय पर तालाबंदी की जाएगी। बैठक के अंत में प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश

## संजू राणा बनीं प्रदेश सचिव

सुचित मलिक ने प्रदेश संयोजक पुनीत चौधरी की संस्तुति पर प्रदेश महामंत्री सुशील यादव द्वारा जारी प्रदेश सचिव (महिला मोर्चा) का मनोनयन पत्र श्रीमती संजू राणा शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालय कादरपुर जसवंत उर्फ तीबड़ी विकास खण्ड हल्दौर, जनपद बिजनौर को दिया। बैठक को संजीव यादव, देवेन्द्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, प्रदीप भाटी, विकासदत्त शर्मा, पूनम चौधरी, रीता चौधरी, इरशाद अहमद, अरविंद नरवाल, विपिन चौधरी, रूपा, वंदना शर्मा, बुन्दु खान, श्रवण कुमार, गजेंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया।



## ग़ज़ल

वक़्त कहता है इशारात को समझा जाए
अब नई नस्ल के जज्बात को समझा जाए
बीवी-बच्चों की कफालत है जरूरी लेकिन.
बूढ़े मां-बाप की खिदमात को समझा जाए।
दोस्ती करना मगर राज कभी मत देना.
अपने पुरखों की हिदायात को समझा जाए।
सब जिहालत को मिटाने के लिए दुनिया से
सूरते इकरा की आयात को समझा जाए।
नफ़रतें सारी मुहब्बत में बदल जायेंगी
आपसी शिकवा शिकायात को समझा जाए।
उसकी नाराजगी पे गौर करें थोड़ा सा
मौसमे खुश्क में बरसात को समझा जाए।
आबरू रेजी से महफूज रहे कलयाँ सब
आज भौरों के नजरयात को समझा जाए।

**-मास्टर अकील अहमद पत्रकार**
**शेरकोट, बिजनौर**
**8392952883**

## बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र- योगी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि आगामी चुनाव पूरी तरह बूथ स्तर पर लड़े जाएंगे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इस रणनीति की रीढ़ है। रविवार को भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी दलों के पास संगठनात्मक ताकत नहीं है, लेकिन वे छल और भ्रम फैलाने की कोशिश जरूर करेंगे। ऐसे में कार्यकर्ताओं को सजग, साहसी और पूरी तरह तैयार रहना होगा।

# केंद्रीय प्रन्यासी मंडल बैठक की सकुशल सफलता को किया हवन-यज्ञ

## विश्व हिंदू परिषद की हस्तिनापुर के जम्बूद्वीप में आयोजित हो रही है बैठक

**हस्तिनापुर (चिंगारी)।** विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल बैठक की कुशलता के लिए विधि विधान से हवन-यज्ञ किया गया। यह बैठक हस्तिनापुर के जम्बूद्वीप में आयोजित हो रही है। बैठक की तैयारी केंद्रीय व प्रांतीय अधिकारियों के नेतृत्व में चल रही है। बैठक की व्यवस्था में सैकड़ों कार्यकर्ता प्रांत पर से जुटे हैं।

रविवार को प्रात: 7 बजे विश्व हिंदू परिषद की ओर से हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। पंडित गोवर्धन शास्त्री द्वारा विधि-विधान से मन्त्रों का उच्चारण किया। हवन यज्ञ के मुख्य यजमान बैठक के सर्वव्यवस्था प्रमुख प्रेम सिंह, श्रीमान दिनेश उपाध्याय केंद्रीय मंत्री व अखिल भारतीय गौरक्षा प्रमुख, श्रीमान मनोज वर्मा केंद्रीय सहमंत्री व केंद्रीय कार्यालय सहप्रमुख, श्रीमान प्रांत संगठन मंत्री अरुण कुमार, प्रांत मंत्री राजकुमार डूंगर, प्रांत सहमंत्री जितेंद्र चौधरी सहित प्रांत के सैकड़ों अन्य कार्यकर्ताओं ने आहुतियां दीं। श्रीमान दिनेश उपाध्याय ने व्यवस्था में लगे बैठक स्थल, आवास, भोजन, स्वच्छता, यातायात, प्रचार सहित अन्य व्यवस्थाओं में लगे प्रमुख व कार्यकर्ताओं से व्यवस्था के संबंध में जानकारी अर्जित की। साथ ही व्यवस्था में कोई चूक न हो, आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि यह केंद्रीय प्रबंध समिति व प्रन्यासी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक है। उन्होंने बताया विश्व हिंदू परिषद की प्रन्यासी मंडल बैठकें नियमित रूप से होती हैं, जो इस बार 15 से 20 दिसंबर तक हस्तिनापुर में चलेंगी। बैठक में धर्मांतरण स्वरोजगार, गौरक्षा, जनसंख्या असंतुलन जैसे अनेक मुद्दों पर चर्चा होगी। यह बैठक संगठन विस्तार, हिन्दू समाज के मुद्दों और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित होती है।



## देश-विदेश से प्रतिनिधि होंगे शामिल

**केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की बैठक में शिर्ष नेतृत्व सहित लगभग 40 अन्य देश (विदेश) व भारत के 45 प्रांतों के 473 प्रतिनिधि उपस्थित होंगे। बैठक में बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी से भी वरिष्ठ अधिकारी, मातृशक्ति व बहनें भी उपस्थित होंगी।**

# एचटी लाइन के करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

## बकाया बिल पर काटे गए कनेक्शन को जोड़ने खुद ही चढ़ गया था खंभे पर : जेई

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अपने घरेलू विद्युत कनेक्शन का केबल जोड़ने स्वयं ही खंभे पर चढ़े एक व्यक्ति की एचटी लाइन के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम छजमलवाला निवासी राजीव कुमार (40 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह अपने घर के विद्युत कनेक्शन का केबल जोड़ने के लिए जैसे ही नजदीक के विद्युत पोल पर चढ़ा तो एचटी लाइन के करंट की चपेट में आकर वह बुरी तरह झुलस गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए जसपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजीव की मौत से घर-परिवार में कोहराम मच गया। मृतक राजीव पत्नी सहित भरा-पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गया है। इस संबंध में विद्युत उपकेंद्र भिक्कावाला के अवर अभियंता पंकज कुमार वर्मा का कहना है कि 3030 रुपए का बकाया विद्युत बिल होने के कारण राजीव कुमार के घर का विद्युत कनेक्शन विभागीय कर्मचारियों द्वारा विच्छेदित काट दिया था। खुद ही खंभे पर चढ़कर कनेक्शन को स्वयं गैरकानूनी ढंग से जोड़ने के प्रयास में लापरवाही के चलते एचटी लाइन के करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है।



विलाप करते परिजन



मृतक राजीव का फाइल फोटो

## सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने का झांसा देकर साढ़े दस लाख की ठगी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** एक तरफ पुलिस साइबर क्राइम से बचाव के लिये लोगों को सचेत करने हेतु वृहद स्तर पर अभियान चला रही है, तो दूसरी तरफ साइबर क्रिमिनल नये-नये तरीके ईजाद करके लोगों को ठग रहे हैं। ताजा घटना में साइबर अपराधियों ने स्थानीय सर्राफा व्यापारी के बैंक खाते से 10 लाख 51 रूपये ठगकर उनका खाता निल कर दिया। रविन्द्र कुमार कौशिक नांगल के प्रसिद्ध सर्राफा व्यापारी हैं। उनकी दुकान स्थानीय पीएनबी के सामने स्थित है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनके पास 13 नवम्बर को एक नम्बर से कॉल आई। कॉलर ने उन्हें बताया कि आप सीनियर सिटीजन हैं, जिसका कार्ड पीएनबी द्वारा बनाया जाना है। मना करने पर कॉलर ने बताया कि अब यह जरूरी हो गया है। फिर दूसरे नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई और कॉलर ने आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा डेबिट कार्ड के नंबर यह कहकर मांगे कि आपका पीएनबी वन ऐप बनाकर आपको सीनियर सिटीजन कार्ड की सुविधा देनी है। कॉलर ने व्यापारी को यह विश्वास भी दिलाया कि वे लोग ओटीपी नंबर नहीं पूछेंगे, क्योंकि वे जालसाज नहीं हैं। 15 दिसम्बर तक आपके पास बैंक द्वारा सीनियर सिटीजन कार्ड पहुंचा दिया जायेगा, आप फोन चालू रखें। उन्होंने विश्वास करके आधार कार्ड, पेन कार्ड और डेबिट कार्ड के नम्बर बता दिये।

व्यापारी का कहना है कि रविवार को वे किसी काम से देहरादून गये थे, वहां उन्होंने अपना फोन देखा तो उनके बैंक खाते से 5 लाख रुपये निकाले जा चुके थे। कुछ ही देर बाद ढाई लाख रुपये और निकाल लिये गये तथा फिर अन्य राशि भी निकाल ली गयी। इससे व्यापारी के होश उड़ गये। आनन-फानन में व्यापारी ने पीएनबी के टोल फ्री नंबर पर कॉल करके अपने बैंक खाते को ब्लॉक करने और उक्त फ्रॉड की शिकायत दर्ज करने को कहा। मगर खाता ब्लॉक होने से पूर्व साइबर ठगों ने शेष धनराशि भी निकाल ली। इसके बाद उनके खाते में शून्य बैलेंस हो गया। व्यापारी रविन्द्र कौशिक ने बताया कि उनके बैंक खाते से कुल 10 लाख 51 हजार रुपये फ्रॉड करके निकाले गये हैं। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने बताया कि उक्त मुकदमे की विवेचना थाना साइबर क्राइम बिजनौर द्वारा की जा रही है।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)
डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।



**भली लगे या बुरी...**

## भाषा की भद्द पीटते नेता

एक बात एकदम पक्की है कि इस कालखंड को नैतिकता, शुचिता और सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार के पतन, वायदों और घोषणाओं के प्रति निर्लज्जता की सारी हदें पार करने वाली बेशर्मी के कालखंड के रूप में जाना जाएगा। जिस निर्लज्जता के साथ राजनेता विशेषकर सत्ता में बैठे लोग झूठे वादे और निराधार दावे करते हैं, वह बहुत खेदजनक है। इसके साथ ही देश के कथित कर्णधारों द्वारा जिस तरह की भद्दी भाषा का इस्तेमाल आयेदिन किया जाता है, उसका समाज पर क्या असर होता है, यह बताने की आवश्यकता नहीं। प्रधानमंत्री जैसे शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति तक ने 'हम 5, हमारे 125', 'पचास करोड़ की गर्लफ्रेंड' से लेकर 'कांग्रेस की विधवा' जैसी बातों से आरंभ करके उसे 'मटन' और 'मुजरे' तक पहुंचाया। नीचे के कुनबे में यह और कितने नीचे तक पहुंची, इसे जानने के लिये गिरिराज सिंह और हिमंता विश्वसरमा के बोल देखे-सुने जा सकते हैं। सड़कों या जनसभाओं में ही हमारे नेता भाषा और पद की मर्यादा को नहीं खोते, देश की सर्वोच्च पंचायत संसद में भी गालियां तक दी जाने लगी हैं। दो दिन पहले ही देश के गृहमंत्री के मुंह से गाली निकली। इससे पहले भी सत्तापक्ष और विपक्ष के कई नेताओं ने बेहद आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर संसद की गरिमा को तार-तार किया। ऐसा रातोंरात नहीं हुआ है। इसकी शुरुआत पूंजीवादी समाज के दिखावटी शिष्टाचार को गहरे में दफनाने से हुई है। भारत की सामाजिक-राजनीतिक विरासत के प्रतीक, स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के बारे में ऊल-जलूल बातों से शुरू हुआ सिलसिला उनके बारे में गढ़े गए झूठों के अभद्र और अश्लील हमलों तक पहुंच गया है। भाषा का यह क्षरण चौंकाने वाला है। इस अमर्यादित, अशिष्ट भाषा को सड़कछाप कहना, इसे कम करके देखना होगा। यह समाज में अराजक और उसमें रहने वालों को वहशी बनाने की महापरियोजना का एक हिस्सा भर है। भाषा और वर्तनी सिर्फ संवाद या संचार का माध्यम भर नहीं होती। हमारे समय के बड़े भाषा विज्ञानी लोग राजनीतिक प्रचार में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा का विश्लेषण करते हुए ठीक ही बताते हैं कि सत्ता में बैठे लोग जनमत को अपने अनुकूल ढालने, अपनी विचारधारा को जनता के गले उतारने और उसे फैलाने के साथ-साथ सामाजिक गैर-बराबरी को मजबूत करने के लिये भाषा का उपयोग एक औजार के रूप में करते हैं।

# सोशल मीडिया का बढ़ता वर्चस्व और खोता हुआ बचपन



▶▶ ललित गर्ग

पिछले एक दशक में जिस सोशल मीडिया को आधुनिकता की उपलब्धि, अभिव्यक्ति की आजादी और वैश्विक संपर्क का सबसे बड़ा माध्यम माना गया था, उसी सोशल मीडिया ने अब अपने छिपे डरावने एवं वीभत्स चेहरे दिखाने शुरू कर दिये हैं। पश्चिमी देश, जो कल तक इसके गुणगान करते नहीं थकते थे, अब उसके दुष्परिणामों से भयभीत होने लगे हैं। यह भय यूं ही नहीं है-अनेक देशों में बच्चों की आत्महत्याओं, हिंसक व्यवहार, मानसिक विकारों, नशे जैसे डिजिटल व्यसनों और सामाजिक विकृतियों के बढ़ते आंकड़ों ने सोशल मीडिया की वास्तविकता का पर्दाफाश किया है। इसी पृष्ठभूमि में आस्ट्रेलिया की सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाकर विश्व-समुदाय को चेताया भी है और झकझोर भी दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया कंपनियों से वह अधिकार वापस ले लिए हैं, जिनके दुरुपयोग ने बच्चों के जीवन और अभिभावकों की मानसिक शांति को संकट में डाल दिया था। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सुधार बच्चों को 'बचपन जीने का अधिकार' लौटाने के लिए है-उन जिंदगियों को नया मोड़ देने के लिए है जो सोशल मीडिया ने समय से पहले व्यस्कता,



अस्वस्थता, तनाव और विकृतियों में धकेल दी थीं। इतना ही नहीं, 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के अकाउंट नहीं हटाने पर लगभग पांच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान देश का रुख साफ करता है कि अब बच्चों के भविष्य से खिलबाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पहल के बाद पश्चिमी जगत में सुगबुगाहट बढ़ी है। ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक सवाल उठ रहे हैं कि यदि ऑस्ट्रेलिया यह साहस दिखा सकता है तो वे क्यों नहीं? यह सुगबुगाहट केवल सरकारों में ही नहीं है-उन अभिभावकों में भी है जिन्होंने सोशल मीडिया को अपने बच्चों की आत्महत्या, अवसाद और चरित्र-भंग का मूल कारण मानना शुरू कर दिया है। वास्तव में इस संकट की शुरुआत तब हुई जब सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों ने बच्चों को आकर्षित करने के लिए ऐसे एल्गोरिद्म बनाए, जो उनका अधिकतम समय खाए, उनकी जिज्ञासाओं को उकसाए और उनके भीतर छिपी संवेदनशीलता का दोहन करके उन्हें सोशल मीडिया निर्भरता की स्थिति तक ले जाएं। इन प्लेटफॉर्मों पर व्यस्क सामग्री, द्विअर्थी वीडियोज, हिंसक गेम्स, 'लाइक-फॉलोअर' जैसे डिजिटल भ्रमों का ऐसा सैलाब है जिसने बच्चों की मनोवैज्ञानिक संरचना को गहरी चोट पहुंचाई है। नतीजा यह है कि आज बच्चे समय से पहले व्यस्क हो रहे हैं-शरीर से नहीं, मानसिकता से। भारतीय परिवार-व्यवस्था, संस्कार और मूल्य-व्यवस्था इस संकट की चपेट में और तेजी से आए हैं। पहले जहां बच्चे, माता-पिता, शिक्षक और संस्कारों से सीखते थे, आज वे 'रील्स' और 'शॉर्ट वीडियोज' एवं अश्लील सामग्री से सीख रहे हैं। जो सामग्री उनके सामने आ रही है, वह न भारतीय चरित्र से मेल खाती है न जीवन-मूल्यों से। निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा तैयार ये सामग्री बच्चों के मन में गलत आदर्श, गलत नायक और गलत आकांक्षाएं भर रही हैं। सवाल यह है कि क्या बच्चे स्वयं सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, या सोशल मीडिया उन्हें एक सुनियोजित तरीके से अपनी गिरफ्त में ले रहा है? सच्चाई का उत्तर दूसरा है। इन प्लेटफॉर्मों पर अमर्यादित सामग्री की भरमार है-जिसे देखकर किशोरों में अपराधी प्रवृत्तियों की ओर उन्मुखता बढ़ रही है। ब्रह्मचर्य, संयम, अनुशासन और चरित्र जैसे भारतीय मूल्य हाशिये पर जा रहे हैं। इसके साथ-साथ एक गंभीर स्वास्थ्य-संकट जन्म ले रहा है। घंटों मोबाइल पकड़े बैठने से बच्चे शारीरिक सक्रियता से दूर हो रहे हैं। मोटापा, नींद की कमी, सिरदर्द, रीढ़ संबंधी विकार और यहां तक कि किशोरावस्था में मधुमेह जैसे रोगों के मामले बढ़ रहे हैं। मानसिक रूप से स्थिति और भी भयावह है। लगातार स्क्रॉल करने की आदत बच्चों की एकाग्रता को चकनाचूर कर रही है। शिक्षा पर इसका सीधा दुष्प्रभाव दिखाई दे रहा है, जो बच्चे घंटों कल्पना-लोक में विचरण करते हैं, वे वास्तविकताओं से जूझते समय टूटने-बिखरने लगते हैं। उनकी सहनशक्ति कम हो रही है, आत्मविश्वास टूट रहा है, और असफलताओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ रही है-जो कई बार आत्महत्या जैसी भयावह प्रवृत्तियों को जन्म देती है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। ऑनलाइन बुलिंग, ऑनलाइन ठगी, व्यभिचार से जुड़ी सामग्री, गुमराह करने वाले 'इन्फ्लुएंसर', फर्जी पहचान, ऑनलाइन हिंसा और डिजिटल व्यसन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कई बार बच्चे अपराधों में नहीं, बल्कि अपराधों के शिकार के रूप में फंसते हैं-लेकिन उन्हें बचाने वाला कोई नहीं दिखता। सोशल मीडिया कंपनियों का रवैया लापरवाह रहा है, क्योंकि उनका लक्ष्य बच्चों की सुरक्षा नहीं, बच्चों का उपयोग करके मुनाफा कमाना है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत में भी ऑस्ट्रेलिया जैसे कठोर कदम उठाए जाने चाहिए? उत्तर है-बिल्कुल होना चाहिए। और वह भी तुरंत।

नतीजा यह है कि आज बच्चे समय से पहले व्यस्क हो रहे हैं- शरीर से नहीं, मानसिकता से। भारतीय परिवार-व्यवस्था, संस्कार और मूल्य-व्यवस्था इस संकट की चपेट में और तेजी से आए हैं। पहले जहां बच्चे, माता-पिता, शिक्षक और संस्कारों से सीखते थे, आज वे 'रील्स' और 'शॉर्ट वीडियोज' एवं अश्लील सामग्री से सीख रहे हैं। जो सामग्री उनके सामने आ रही है, वह न भारतीय चरित्र से मेल खाती है न जीवन-मूल्यों से।

# 'आप' की पदयात्रा 21 से 26 तक

## भाजपा सरकार कर रही वोट काटने की साज़िश : अशोक कमांडो




**बिजनौर (चिंगारी)।** मोहल्ला ज्ञान विहार, सिंह सिक्योरिटीज एजेंसीज, बिजनौर में आम आदमी पार्टी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कमांडो ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार एसआईआर के नाम पर चोरी-छिपे और शातिराना तरीके से धर्म, जाति और क्षेत्र के आधार पर उत्तर प्रदेश में लगभग 3 करोड़ मतदाताओं के वोट काटने की साजिश कर रही है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक रामपुर से अमरोहा के बीच 'वोट बचाओ, संविधान बचाओ' पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस पदयात्रा में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता बड़ी संख्या में सहभागिता करेगी। प्रदेश अध्यक्ष अशोक कमांडो ने कहा कि यह यात्रा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी द्वारा प्रदत्त मताधिकार और संविधान की रक्षा को समर्पित है। उन्होंने जानकारी दी कि 21 दिसंबर को रामपुर में सांसद संजय सिंह एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसके साथ पदयात्रा की विधिवत शुरुआत होगी। विभिन्न स्थानों पर छोटी-बड़ी जनसभाएं आयोजित की जाएंगी तथा आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। इस दौरान मोहम्मद अज़हर (प्रदेश सचिव), जितेन्द्र सिंह चौहान जिला अध्यक्ष बिजनौर, निर्मल मिश्रा वरिष्ठ नेता, आरसी चौहान, रवि जिला उपाध्यक्ष, अर्जुन कुमार, ममता अग्रवाल, अबरार अहमद वरिष्ठ नेता, आदेश राजपूत प्रदेश सचिव बरेली, अफ़ज़ाल भाई, सन्नावर सेख, अरबाज़, फ़ैज़ान मोहम्मद एहसान, नौशाद अफ़राज़ अहमद आदि उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों व शिक्षकों के आंदोलन पर एस्मा लगाना ग़लत : चंद्रहास



**बिजनौर (चिंगारी)।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर की जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाषचंद्र यादव के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षक एवं कर्मचारियों के आंदोलन पर एस्मा लगाना गलत है, इससे लगता है कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं को सुनना एवं समझना नहीं चाहती। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए दृढ़ संकल्पित है। संगठन पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शीघ्र राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में बड़े आंदोलन की रणनीति को तैयार करेगा। क्योंकि पुरानी पेंशन देश के लाखों शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है जिसे देश व जनप्रतिनिधि ले रहे हैं। एनपीएस एवं यूपीएस केवल शिक्षकों एवं कर्मचारी के साथ पूंजीपतियों को मालामाल करने का षड्यंत्र है। मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महिला विंग जिला अध्यक्ष वसीम बानो, भूपेंद्र चौधरी, मुजफ्फर इस्लाम, कुलदीप सिंह, सुशील कुमार, विजेंद्र कुमार, सिकंदर पाल सिंह, पुनीत गहलोत, ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, पंकज कटारिया, संजय कुमार, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, पुनीत कुमार आदि ने संबोधित किया।

## पंकज चौधरी को दी बधाई मिठाई बांटी, खुशी मनाई



**किरतपुर (चिंगारी)।** भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर के नेतृत्व में श्री पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर व केरल की तिरुवंतपुरम निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का मेयर बनने पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी के साथ खुशी मनाते हुए मिठाई बांटी व एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय शोध प्रमुख महिला रजनी कालरा, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव वर्मा सोनू, मंडल महामंत्री शिवम सिंघल, बृजमोहन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विकास राजपूत, सूरज वाल्मीकि, मंडल कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, मंडल मंत्री नीरू कश्यप, महिला मोर्चा जिला मंत्री मोनिका कालरा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष बीना राणा, सभासद कन्हैया राणा, अंकुश जैन, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष डॉ. अमजद, पूर्व मंडल अध्यक्ष व शक्ति केंद्र संयोजक धर्मपाल राजपूत, घसीटा सिंह तोमर, फिरोज कादरी, बूथ अध्यक्ष मोहम्मद अजीम, आशुतोष प्रजापति, राशिद, कुलदीप सैनी, कमल कश्यप, मोहित कश्यप आदि कार्यकर्ता रहे।

## ब्रिकी/किराए के लिए व्यावसायिक संपत्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस.आर.एस. मॉल (SRS MALL), शक्ति चौक, बिजनौर में स्थित, दो व्यावसायिक हॉल (बिक्री या किराए) के लिए उपलब्ध हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

दो हॉल तृतीया तल पर जिनका आकार-74 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा एवं 79 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा है।

इच्छुक व्यक्ति श्री मनीष कुमार जी से 9927164079 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल से एंगिल चुराते हुये पकड़े गये



**नूरपुर (चिंगारी)।** कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल से लोहे की एंगिल चुराते हुए दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। क्षेत्र के गांव टंडेरा में कब्रिस्तान के चारों ओर लोहे की एंगलों से बाउन्ड्रीवाल बना रखी है। रविवार को ग्रामवासी जनाब अहमद की मदद से ग्रामीणों ने लोहे की एंगिल चोरी करते हुए ग्राम गोपालपुर निवासी पारुल व सोनू को दबोच लिया। ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों के पास से तीन-तीन फुट की चार एंगिलें बरामद कीं। ग्रामीणों ने दोनों युवकों को पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कब्रिस्तान की चार दीवारी में लोहे की करीब साठ एंगिलें लगी थीं, जो धीरे-धीरे चोरी कर ली गईं। पुलिस ने दोनों युवकों का चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी पारुल के विरुद्ध पूर्व में भी आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं।

## कार्यशाला में छात्रों को सफलता के मंत्र दिये



**बिजनौर (चिंगारी)।** कृष्णा फार्मेसी कॉलेज में शनिवार को मैनकाइंड फार्मा के सहयोग से छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. अंकित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मन से नौकरी को लेकर होने वाले डर और अनिश्चितता को दूर करना था।

कार्यशाला में मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के ऑपरेशंस मैनेजर और 15 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स के क्लस्टर लीड अरुण कुमार चौहान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अरुण कुमार चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए उद्योग की बारीकियों, कंपनी की अपेक्षाओं और करियर में सफलता के मूलमंत्र साझा किए। उन्होंने छात्रों को नौकरी के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने और निरंतर सीखने पर जोर दिया। कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा गुरु केवल आपको शिक्षा दे सकता है उसका उपयोग कैसे करना है, यह आपके ऊपर निर्भर करता है। प्राचार्य डा. अंकित कुमार ने अपने संबोधन में छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि शिक्षक से सवाल करना अच्छी बात है, क्योंकि यह आपको ज्ञान के मार्ग की ओर ले जाता है।

# गुरुद्वारा कमेटी के संरक्षक सतपाल सिंह सिडाना की दुर्घटना में मौत

**धामपुर ( चिंगारी )**। रविवार की रात लगभग 8:30 बजे नगर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग पर एक अनियंत्रित कार की चपेट में आकर गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के संरक्षक सरदार सतपाल सिंह सिडाना की मृत्यु हो गई। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वह 73 वर्ष के थे ।

नगर के मोहल्ला साहूवान निवासी कपड़ा व्यापारी सरदार सतपाल सिंह सिडाना प्रतिदिन की भांति रात को टहलने के लिए गए थे। जब वह पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो पीछे से आई एक कार की चपेट में आकर वह कुछ दूर तक घिसटते चले गए। कार चालक कार पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और कार पेट्रोल पंप के पास खड़ी हुई बस से जा टकराई, जिससे सरदार सतपाल सिंह सिडाना के सिर में गंभीर चोटें आई। अचानक हुई घटना से वहां अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना देने के बाद कार चालक को पकड़ने का प्रयास किया, तो चालक व अगली सीट


फाइल फोटो सरदार सतपाल सिंह सिडाना



दुर्घटनाग्रस्त कार

पर बैठा युवक फरार हो गए, जबकि पीछे बैठे उनके साथी को भीड़ ने पकड़ लिया।

घटना की सूचना पाकर उनके पुत्र सरदार तेजिंदर सिंह सिडाना व सरदार गुरमीत सिंह मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में अपने पिता को लेकर प्राइवेट अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए युवक और कार को थाने ले आई।

## नशे में धुत्त थे तीनों युवक

जिस कार से यह दुर्घटना हुई है, उसमें उसमें ग्राम सरकडा चकराजमल निवासी तीन युवक सवार थे, जो कहीं से अंगूरी के नशे में टल्ली होकर अपने एक दोस्त को छोड़ने के लिए पेट्रोल पंप तक आए थे, जहां उनके दोस्त की बाइक खड़ी हुई थी। परंतु चालक इतना बहक गया कि कार से नियंत्रण खो दिया और उनकी कार की चपेट में आकर सरदार सतपाल सिंह सीडाना की मौत हो गई। मौके की नजाकत को भापकर दो युवक तो गाड़ी में से उतर कर फरार हो गए, परंतु पीछे बैठे हुए एक युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गये युवक ने बताया कि वह नोएडा में सर्विस करता है और आज प्रातः उसे नोएडा जाना था, परंतु रात हुई घटना के बाद पुलिस ने उसे पकड़कर लॉकअप में बंद कर दिया।

## पत्नी करती रही भोजन पर इंतजार..

**धामपुर ( चिंगारी )**। सरदार सतपाल सिंह सिडाना के पुत्र सरदार गुरमीत सिंह ने बताया की उनके पिताजी सरदार सतपाल सिंह सिडाना 8:10 पर माताजी से घर से यह कह कर गए थे कि मैं टहल आता हूं, तुम खाना बनाकर तैयार कर लेना। परंतु उन्हें क्या पता था कि कुछ ही मिनट बाद उनके पति की मौत की खबर आएगी। गुरमीत सिंह ने बताया की लगभग 8:30 बजे उनको पिता के घायल होने की सूचना मिली। इसके बाद उनकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## परिजनों ने नहीं दी कोई तहरीर

पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। वह तहरीर देंगे तो आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। फिलहाल पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और पकड़े गए युवक को अपनी कस्टडी में ले रखा है।



# वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की बैठक हुई

**धामपुर ( चिंगारी )**। वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की एक बैठक स्थानीय पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में आयोजित की गई, जो जगदीश प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सूर्यकांत सुमन ने समिति के संरक्षक और अध्यक्ष को अपनी रचित पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में जगदीश सिंह, जगदीश प्रसाद, विजय पाल सिंह, राकेश चमोली, राकेश शर्मा, राजेंद्र सिंह, अनिल कश्यप, विनोद चांदना, शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बाबा फतेह सिंह का आगमन दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

**धामपुर ( चिंगारी )**। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी का आगमन दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस मौके पर गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के छोटे साहिबजादे बाबा फतेह सिंह जी के त्याग और वीरता से परिपूर्ण जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी के आगमन दिवस की शुरुआत गुरबाणी कीर्तन से की गई। कार्यक्रम में गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, सरदार परमीत सिंह चावला, सर्वजीत कौर चावला, अमनदीप सिंह चावला, तरनजीत कौर चावला सहित सभी चावला परिवारों का समर्पित योगदान रहा। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सदर अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने साहिबजादा बाबा फतेह सिंह के जीवन दर्शन से संबंधित बिंदुओं की चर्चा की।

# धन्यवाद रेल मंत्रालय भारत सरकार : दीप सौरभ



**धामपुर ( चिंगारी )**। आज फिर से मोदी सरकार की कार्यशैली जनता के लिए प्रतिबद्धता और गुड गवर्नेंस के साथ साथ संवेदनशीलता युक्त त्वरित जवाबदेही का एक शानदार अनुभव साझा करते हुए डॉ. दीप सौरभ सिंह गुरू जी ने बताया कि वो आज लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 से मुरादाबाद के लिए अपने पीएनआर नंबर 2147050999 टिकिट के साथ मुरादाबाद के लिए वंदे भारत ट्रेन से रवाना हुए थे। स्टॉपेज ना होते हुए भी जब गाड़ी कुछ देर हरदोई रुककर तत्पश्चात शाहाबाद स्टेशन पर खड़ी हो गई, तो उन्होंने रेल मंत्रालय भारत सरकार को सूचना दी। आश्चर्यजनक रूप से गाड़ी कुछ ही क्षणों में अपने गंतव्य को त्वरित गति से रवाना हो गई। तथा मंत्रालय से इस हेतु तुरंत ही दीप सौरभ सिंह से फीड बैक लिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में मुश्किल से दो से तीन मिनट लगे। सरकार की इस त्वरित कार्रवाई से सरकार की जनहित तथा सुशासन को समर्पित मंशा ज़ाहिर होती है। दीप सौरभ सिंह ने सरकार का धन्यवाद जताया।

# स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया


कार्यक्रम में मंचासीन पुलिस क्षेत्राधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )**। नूरपुर मार्ग स्थित आकार इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने दीप प्रज्वलित करके किया। रितिका, परी, कुंज में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रबंधक दिव्येश कुमार और प्रधानाचार्या श्रीमती विधि कुमार ने अतिथियों का बैज लगाकर व बुके देकर स्वागत किया। साउथ इंडियन डांस में कुमारी ईशा, नक्ष, अदिति उज्जैफ, कनक, कीर्तिका और ग्रुप डांस में चित्रांशी, महक, माहिर, नाजिम, हिमांशी आदि ने भाग लिया। केजी क्लास के बच्चों के प्रोग्राम तेरी मिट्टी में मिल जावा,गीत पर हमजा, युवराज, वेदांत, जियांश, हर्षित ने प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर 'मां तुझे सलाम' नाटिका की देखकर अतिथियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को अपनी संस्कृति का ज्ञान मिलता है।

# कवयित्री विनोद शर्मा के काव्य-संग्रह का विमोचन

**धामपुर ( चिंगारी )**। नगर की सरस कवयित्री विनोद शर्मा की नई काव्य कृति 'मानस के प्रसून' का विमोचन भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। स्वास्तिक गार्डन स्थित सभागार में भारती काव्यम् के बैनर तले मंचासीन अतिथियों वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार सत्यराज, कवयित्री सुशीला जोशी विद्योतमा (मुजफ्फरनगर), डॉ. गजेन्द्र बटोही (हल्द्वानी), इंद्रदेव भारती (नजीबाबाद), डॉ. शंकरलाल शर्मा क्षेम, विनोद शर्मा आदि ने मानस के प्रसून काव्यकृति का विमोचन लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शुचि शर्मा ने किया।




मंचासीन अतिथियों ने काव्य संकलन के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। कवयित्री विनोद शर्मा ने अपनी काव्ययात्रा और रचनाधर्मिता पर चर्चा के साथ साथ काव्यपाठ कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। समारोह के दूसरे चरण में कवि नरेंद्रजीत अनाम की सरस्वती वंदना के साथ आरंभ कवि सम्मेलन में नजीबाबाद से पधारी नीमा शर्मा, कपिल जैन, कर्मवीर सिंह, रविन्द्र कुमार, इन्द्रदेव भारती, फूलमाला वर्मा, बिजनौर से पधारे रमेश राजहंस, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, हल्द्वानी से पधारे डॉ. गजेन्द्र बटोही, मुजफ्फरनगर से पधारी सुशीला जोशी विद्योतमा, रचना शास्त्री, डॉ. पूनम चौहान, सत्यराज, नीरजा सिंह, डॉ. कंचन शर्मा, राजकुमार सिंह, डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल', हरिकांत शर्मा, शुचि शर्मा, डॉ. रश्मि शर्मा रावल, मीरा गोयल आदि ने समसामयिक कविताएं, लघुकथा और व्यंग्य प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के तीसरे चरण में साहित्य सम्मान समारोह में अनेक साहित्यकारों का सारस्वत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कवित्री विनोद शर्मा के अनेक परिवारजन भी उपस्थित रहे।

# विवेक विधि में 10180 विद्यार्थियों ने दी टैलेंट हंट परीक्षा



परीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए विवेक विश्वविद्यालय के चासंलर श्री अमित गोयल।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर में हर वर्ष आयोजित होने वाली टैलेंट हंट परीक्षा का शांतिपूर्ण आयोजन हुआ। इस परीक्षा में बिजनौर जिले के लगभग सभी कॉलेजों के 10180 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा दी। विश्वविद्यालय के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय का उददेश्य बिजनौर जिले में छुपी हुयी प्रतिभाओं का चयन कर उनकी वित सहायता करना है। छात्र/छात्राएं इस परीक्षा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह हमारे उत्साह को बढ़ाता है। परीक्षा की तैयारी काफी दिनों से चल रही थी। इस परीक्षा के लिये 14750 आवेदन आये, जिनमें से 10180 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा दी।

विश्वविद्यालय के कुलपति नरेश गुप्ता ने बताया कि परीक्षा में सभी प्रश्न सही करने वाले को दो लाख रुपये का पुरस्कार नकद दिया जाता है। प्रथम पुरस्कार एक लाख, द्वितीय 51 हजार, तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपये के अलावा 1000 से अधिक विशेष सांत्वना एवं सांत्वना पुरस्कार दिये जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का रिजल्ट मार्च में घोषित किया जायेगा। जिन छात्र-छात्राओं ने यह परीक्षा दी है वे अपना रिजल्ट विवेक कॉलेज की वेबसाईट पर तथा विवेक विश्वविद्यालय के फेसबुक पेज एवं इंस्टाग्राम पर देख सकते हैं। परीक्षा को सफल बनाने में डा. हितेश शर्मा, डा. दीप्ती डिमरी, डा. राजीव चौधरी, डा. सौरभ शर्मा, डा. सर्वेश शीतल, डा. रंगानाथन डा. संजय त्यागी, डा. हर्ष कुमार, डा. देवाशीष, डा. मनोज गहलोत, डा. रिदिन, डा. मीना, डा. पुष्पा जोशी, प्रांशु कुमार, डा. मनीकनिका, डा. शैलेन्द्र, डा.रिजवान, डा. राशि तंवर, मोहित त्यागी, पंकज त्यागी आदि सभी प्रवक्ताओं का सहयोग रहा।



# लक्ष्यराज मेवाड़ को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** दमयंती प्रेरणा संस्थान की टीम द्वारा विधायक अशोक कुमार राणा के निवास ग्राम ठाटजट पहुंचकर महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज मेवाड़ को संस्थान की ओर से उनकी विरासत और अद्वितीय समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में डॉ. आदित्य अग्रवाल, मदनपाल सिंह, सचिन अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, मुदित बंसल, डॉ. अमित गुप्ता, पवन चौहान, सीताराम अग्रवाल, आनंद सैनी आदि मौजूद रहे।

# बलराम कुंवर स्कूल में बाल मेले का आयोजन



**नहटौर ( चिंगारी )।** बलराम कुंवर पब्लिक स्कूल नहटौर में एक दिवसीय बाल मेले का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करते हुए फ़ीता काटकर किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि मेले जैसे कार्यक्रमों के आयोजन से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी छात्र-छात्राओं में नेतृत्व करने की क्षमता में सहभागिता होती रहे। प्रधानाचार्य विनेश पाल ने विद्यालय की प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्कूल के प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने कहा स्कूल प्रशासन का उद्देश्य नई-नई गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना प्रमुख उद्देश्य है। एसडीएम स्मृति मिश्रा का स्कूल पहुंचने पर प्रबंधक राजीव अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, प्रधानाचार्य विनेशपाल सिंह ने बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मेले में मिकी माउस, झूला अन्य व्यंजनों के माध्यम से छात्राओं ने पूरा लुत्फ उठाया। छात्रों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य वीर सिंह, प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल, भारती अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, वीके इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक शिल्पी अग्रवाल, साहू सुधीर अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# ऑर्थोपेडिक कैम्प का आयोजन किया, 80 लोगों ने परामर्श लिया



**हल्दौर ( चिंगारी )।** राणा नर्सिंग होम हल्दौर पर प्रतिष्ठित हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.अतुल कुमार द्वारा एक सफल नि:शुल्क ऑर्थोपेडिक कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें 80 मरीजों द्वारा चैकअप कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कैंप में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल कुमार ने हड्डियों व जोड़ों से संबंधित सभी बीमारियों के मरीजों का फ्री चैकअप कर उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया। कैम्प को सफल बनाने में डा. हेमचन्द्र राणा, डा.नितिन कुमार राणा, डा.मनीषा राणा का विशेष सहयोग रहा। कैम्प में स्टाफ प्रशान्त कुमार, मौ. सलमान, गजेन्द्र, राज कुमार, हैप्पी व काजल का भी विशेष सहोग रहा। कैम्प की मरीजों व तीमारदारों के द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# सर्वोदय संस्था ने एस.एम. ज़ैद को सम्मानित किया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम आसफाबाद चमन स्थित राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज में सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संस्था द्वारा ताइक्कांडो खिलाड़ी एसएम ज़ैद को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह के कर-कमलों द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कासमपुर गढ़ी निवासी पत्रकार एसएम



असलम के पुत्र, लाम्बा कान्वेंट स्कूल के कक्षा 6 के छात्र एवं सेल्यूट ताइक्कांडो अकेडमी अफजलगढ़ के प्लेयर एसएम ज़ैद को सम्मानित करते हुए सीओ आलोक कुमार सिंह ने उज्जवल भविष्य के लिए उसे आशीर्वाद दिया। साथ ही इस अवसर पर उपस्थित थानाध्यक्ष अफजलगढ़ रामप्रताप सिंह, अफजलगढ़ शुगर मिल अधिकारी उमेश कुमार सिंह 'बिसेन' व ग्राम प्रधान संघ अफजलगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सिंह सहित अतिथियों ने ज़ैद को ताइक्कांडो में निरंतर सफलता के लिए शाबाशी दी।

# महिला को प्रताड़ित करने वाले वीडियो का पुलिस ने लिया संज्ञान, आरोपी का चालान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गुरुग्राम निवासी एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आ गयी। वायरल वीडियो में महिला रोते हुए आरोप लगा रही थी कि कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाया। युवक उसके साथ रहने लगा, लेकिन बाद में उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और आरोपी युवक के घर पर दबिश दी। रविवार को पीड़िता स्वयं थाने पहुंची, जहां उसने वायरल वीडियो की पुष्टि करते हुए तहरीर दी। महिला ने पुलिस को बताया कि युवक की हरकतों से वह मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान है। थानाध्यक्ष का कहना है कि तहरीर के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सीओ नगीना अंजनी चतुर्वेदी ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी में हुआ कार्निवाल-2025 का आयोजन







**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी के प्रांगण में के.एस. कार्निवल 2025 का अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित एवं उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अतिथियों की भारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य अतिथि कोमल स्वरूप अग्रवाल, प्रबंधक कपिल अग्रवाल, अकादमिक डायरेक्टर नम्रता अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इसके उपरांत गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर के.एस. कार्निवल 2025 का औपचारिक उद्घाटन किया। पूरे कार्यक्रम का सशक्त, प्रभावशाली एवं आत्मविश्वास से भरपूर संचालन एंकर मानसी अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्निवाल के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, संगीत और समूह प्रस्तुतियां शामिल रहीं। इन कार्यक्रमों ने बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और मंचीय कौशल को दर्शाया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्निवाल का मुख्य आकर्षण बच्चों के लिए आयोजित शैक्षिक, कौशलवर्धक एवं मनोरंजक खेलों की लंबी श्रृंखला रही, जिन्हें विशेष रूप से विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था।

कार्निवाल में मनोरंजन के लिए फूड स्टॉल, ऊंट की सवारी, मिकी माउस की उपस्थिति और मैजिक शो जैसे आकर्षण भी विशेष रूप से सजाए गए, जिनका बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी भरपूर आनंद लिया। वातावरण हंसी, उत्साह और उल्लास से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम के समापन पर लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसमें 50 ग्राम का सिक्का पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। इस लकी ड्रॉ के विजेता कक्षा 6 के छात्र सक्षम रहे, जिन्हें यह पुरस्कार विशेष अतिथि डॉक्टर टी.सी. अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। अंत में मैनेजर कपिल अग्रवाल ने सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी तथा प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संपूर्ण कार्यक्रम एक्टिविटी इंचार्ज मानसी अग्रवाल व मीनाक्षी शर्मा की कुशल देखरेख में तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकों के पूर्ण सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी की शैक्षिक व सह-शैक्षिक उत्कृष्टता का सशक्त उदाहरण बना।


# बाज़ार में मौत बनकर झूल रहे बिजली के तार

## हर समय रहते दुर्घटना के आसार



**चंदक ( चिंगारी )।** कस्बे के बाजार में नहर से स्टेट बैंक को जा रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार बाजार में मौत बनकर झूल रहे हैं, जिनमें फाल्ट होता रहता है, जिससे अफरा-तफरी मच जाती है। बंदरों द्वारा खंबे को हिलाने से रोजाना फाल्ट होता है और तार टूटकर गिरने की आशंका बनी रहती है। कई बार फाल्ट के बाद तार टूटकर भी गिर चुका है। बिजली विभाग में कई बार शिकायत के बावजूद कोई सुनने को तैयार नहीं। इन तारों के नीचे न सेफ्टी तार है न और कोई सुरक्षा का इंतेजाम। लोग कई बार बिजलीघर में इन तारों की जगह केबल डालने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। कुलदीप कुमार उर्फ बंटु प्रधान ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान की ओर से जेई को तार हटाने और केबल डालने को कहा जा चुका है। लेकिन विभाग द्वारा सुनवाई नहीं की जा रही। बिजली विभाग के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि इस बारे में पहले भी शिकायत मिली है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## हाइटेंशन लाइन का खंभा हिलाने से बंदर झुलसा



**चंदक ( चिंगारी )।** आज सुबह हाइटेंशन विद्युत लाइन का खंभा हिलाने से बंदर झुलस गया, जिससे उसका एक कान भी उड़ गया। कस्बे में बाजार से होकर स्टेट बैंक जा रही ग्यारह हजार वोल्ट की लाइन का खंबा हिला रहा बंदर करंट की चपेट में आकर झुलस गया। इस बीच जोरदार फाल्ट हुआ, खंबे के ऊपर से गिरकर बंदर बेहोश हो गया। आसपास के लोगों द्वारा पानी आदि देने पर उसे कुछ होश आया। विदित हो कि यह विद्युत लाइन कस्बे वालों के लिए मुसीबत बनी हुई, लेकिन विभाग खतरे को जानकर भी अनजान बना हुआ है।

## मंगलमय हो मिलन तुम्हारा..

# मनदीप सिंह बाजवा संग जैस्मिन कौर गिल



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** जनपद के प्रतिष्ठित बाजवा परिवार से सरदार सुरजीत सिंह बाजवा के सुपौत्र एवं सरदार कुलदीप सिंह बाजवा व सरदारनी स्व. मनजीत कौर के सुपुत्र मनदीप सिंह बाजवा एडवोकेट का विवाह चंडीगढ़ निवासी सरदार अमृत सिंह गिल एवं सरदारनी गुरजीत कौर की सुपुत्री जैस्मिन कौर गिल के साथ चंडीगढ़ के प्रमुख फॉरेस्ट हिल रिजॉर्ट में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शनिवार को विवाह समारोह के अंतर्गत स्थानीय बाजवा फॉर्म में भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद एवं गैर जनपदों से गणमान्य व्यक्तियों, राजनैतिक, अराजनैतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, शिक्षा एवं मीडिया से जुड़े संभ्रांत लोगों ने विवाह समारोह में पहुंचकर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। समारोह में मुंशी रामपाल सिंह पूर्व सांसद, सुधीर कुमार सिंह सूचना आयुक्त एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी, सूर्यमणि रघुवंशी संपादक सांध्य दैनिक चिंगारी, अमरजीत सिंह डिप्टी डायरेक्टर पंचायत राज विभाग मेरठ, मनीष कुमार डिप्टी डायरेक्टर पंचायत राज विभाग, सुभाष वाल्मीकि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, डॉ. विधायक इंद्रदेव सिंह पूर्व विधायक, कुंवर संजय सिंह कूकड़ा स्टेट, राजपाल सिंह चौहान जिला अध्यक्ष भाजपा मुरादाबाद, कुंवर राहुल सिंह हल्दौर स्टेट, अमित सिंह चेयरमैन लक्ष्य ग्रुप,अशोक आर्या, चौधरी कुलवीर सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष चौ. दिगम्बर सिंह, नितिन सिरोही जिला अध्यक्ष, सपा नेता कपिल गुर्जर, दीपक कुमार एमडी तिरुपति महिंद्रा, यशपाल सिंह सैनी हुर्रनंगला, अनिल कुमार पूर्व ब्लॉक प्रमुख कोतवाली, आलोक अग्रवाल एमडी एमएमएस एकेडमी स्योहारा, जितेंद्र सिंह एमडी लांबा कान्वेंट स्कूल कादराबाद, चौधरी आदित्य सिंह एमडी एमपीएस एकेडमी शादीपुर, चौधरी दिग्विजयसिंह उर्फ डिग्गी पूर्व चेयरमैन गन्ना समिति, अनिल राणा चेयरमैन गन्ना समिति नगीना, अशोक कुमार पूर्व आईपीएस व एमडी एचएम एकेडमी बिजनौर, नरेश कुमार तहसील प्रचारक नगीना, सुनील कुमार (बढ़ापुर) कोतवाली, अरुण कुमार जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद धामपुर, महफूज उस्मानी, उस्मानी मार्बल्स धामपुर, सुशील कुमार दाना-पानी रेस्टोरेंट नजीबाबाद, डॉ. रईस अहमद नजीबाबाद, मदनलाल सैनी एडवोकेट, मु. आरिफ खान एडवोकेट, मुशर्रफ हुसैन एडवोकेट, सुख ब्रिंदे्र सिंह काम्बोज एडवोकेट, राजकुमार सिंह एडवोकेट कोटकादर, चौधरी धर्मेंद्र सिंह पत्रकार, सचिन बिश्नोई ट्रांसपोर्टर नगीना, धर्मपाल सिंह एडवोकेट, चंद्रशेखर सिंह एमडी ऑक्सफोर्ड एकेडमी नगीना, डॉ. दिलशाद अंसारी चेयरमैन नगर पंचायत बढ़ापुर, शराफत हुसैन पूर्व चेयरमैन, ठेकेदार आरिफ गांधी मंडावली सेदू, साजिद चौधरी एमडी किसान इंटर कॉलेज रावली, कुंवर समरजीत सिंह, बुड्गरा हाउस, पत्रकार अतीक अली जैदी, फरीद खान एडवोकेट, राशिद मलिक, इमरान अंसारी, सोनू सैनी, रईस अहमद आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाजवा परिवार ने समारोह में उपस्थित हुए सभी अतिथियों का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। चिंगारी परिवार नवविवाहित जोड़े की सलामती एवं सुखी जीवन की कामना करता है।

# मगरमच्छ का निवाला बनते बाल-बाल बचा बाघ

## वीडियो वायरल

अफजलगढ़( चिंगारी )। कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढिकाला क्षेत्र से एक रोमांचक वीडियो सामने आया है। जिसमें मगरमच्छ के हमले में बाघ शिकार होने से बाल बाल बचा।

जानकारी के मुताबिक यह वीडियो ढिकाला जोन में जंगल सफारी कर रहे पर्यटकों द्वारा बनाया गया है। जिसमें जिसमें रामगंगा नदी के नजदीक से गुजर रहे बाघ पर अचानक मगरमच्छ ने हमला कर दिया। परंतु बाघ ने अपनी फुर्ती दिखाते हुए मगरमच्छ के इस हमले को नाकाम कर दियाया। बताया जाता है कि रामगंगा नदी में मगरमच्छों के साथ-साथ घड़ियालों का भी वास है। इस संबंध में कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के निदेशक साकेत बडोला ने बताया कि रामगंगा नदी क्षेत्र में बाघों और मगरमच्छों का प्राकृतिक आवास है। ऐसे दृश्य प्राकृतिक व्यवहार का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों से अपील की जाती है कि सफारी के दौरान तय नियमों का पालन करें और वन्यजीवों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।



बाघ पर हमला करता मगरमच्छ।



## एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की

नजीबाबाद (चिंगारी)। तहसील क्षेत्र के गांव भागूवाला स्थित बुध बाजार में वार्ड नंबर एक से जिला पंचायत सदस्य के भावी उम्मीदवार मौलाना मौहम्मद उस्मान की ओर से ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पहुंचे ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के विधानसभा अध्यक्ष पूर्व प्रधान आफताब अंसारी व ब्लॉक अध्यक्ष वसी मौहम्मद उर्फ बब्लू, साहनपुर निवासी अहसान पेंटर आदि का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर बड़ी सख्या में ग्रामीणों ने पार्टी की नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व प्रधान आफताब अंसारी ने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस सभी पार्टी केवल मुस्लिमो का वोट लेकर इस्तेमाल करती है, लेकिन ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन हक व अधिकारी, कयादत, हिस्सेदारी की बात करती है, हमें अब अपनी जमात को मजबूत करना है। ब्लॉक अध्यक्ष वसी मौहम्मद उर्फ बब्लू ने कहा कि ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन अब जिले में भी मजबूत हो रही है। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले ही पार्टी पंचायत चुनाव में अपना जलवा दिखाएगी। अहसान पेंटर ने कहा कि पहले हमारे पास कोई विकल्प नहीं था, लेकिन अब हमारी अपनी पार्टी है, अपना झंडा है। उन्होंने कहा कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी संसद में हमारे मुद्दों पर खुलकर बोलते है। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व पार्टी कार्यकता पदाधिकारी मौजूद रहे।


## बिजनौर गोल्डेन लायनेस क्लब मेन ने किया बुजुर्गों का सम्मान एवं गर्म कपड़ों का वितरण



बिजनौर ( चिंगारी )। समाजसेवी क्लब गोल्डेन लायनेस मेन ने दिसम्बर माह के दो प्रोजेक्ट बुजर्गों का सम्मान एवं गर्म कपड़ों का वितरण विदुर कुटी वृद्धाश्रम में जाकर सम्पन्न किया। अध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव विनीता रघुवंशी, कोषाध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने पीडीसीपी अरूणा मित्तल, डि. सेक्रेटरी मनुश्री, डि. मेन्टोर रमा मेहरोत्रा, कमलेश चौहान, उप सचिव अंशुल खेड़ा इत्यादि सदस्यों के साथ आश्रम पहुंचकर माल्यार्पण कर सभी बुजुर्गों को चादरें देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सदस्यों ने उनके सम्मान में गीत एवं भजन गाये तथा उनके मनोरंजन हेतु अनेक चुटकुले एवं किस्से सुनाये। परिवार में किसी भी बुजुर्ग की छत्रछाया होना हमारे लिये कितना महत्वपूर्ण है। इस पर भी विचार विमर्श हुआ। आश्रम में उपस्थित बुजुर्ग क्लब द्वारा किये गये इस मिलन समारोह में हुए सम्मान से बहुत ही खुश दिखाई दिये और क्लब से फिर आने का वादा भी लिया। बुजुर्गों को बिस्कुट, चाय, चावल के पैकेट, रेबड़ी, गजक भी दिये गये। इसके उपरांत क्लब द्वारा सभी महिला बुजुर्ग आश्रमवासियों को 35 गर्म चादरें वितरित की गईं तथा मोजे, मफलर इत्यादि भी वितरित किये गये, जिसे उन्होंने खूब पसंद किया।

## डॉ. राजीव अरोड़ा बने सैल्यूट तिरंगा के जिलाध्यक्ष

नजीबाबाद ( चिंगारी )। राष्ट्रीय संगठन सैल्यूट तिरंगा के प्रदेश अध्यक्ष संदीप चौधरी ने नजीबाबाद के स्टेशन रोड निवासी दंत चिकित्सक राजीव अरोड़ा को उनकी राष्ट्रीय संगठन सैल्यूट तिरंगा के प्रति निष्ठा व समर्पण को देखते हुए उन्हें जिला बिजनौर के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त करते हुए मनोनयन पत्र भेंट किया। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह निरंतर निष्ठा भाव व संगठन के लिए कार्य करेंगे।




डॉ. राजीव अरोड़ा को मनोनयन पत्र भेंट करते हुए।



# जोड़ों की चोटों से मत घबराइये अगर लगे तो एम्स चले आइये

**राजेश शर्मा**



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स ऋषिकेश में खेल और जोड़ों की चोट से संबन्धित परेशानी है तो घबराइये नहीं। एम्स ऋषिकेश में इन सबके इलाज के लिए एक विशेष स्पोर्ट्स इंजरी क्लीनिक संचालित किया जा रहा है। खासतौर से युवाओं और खिलाड़ियों के लिए यह क्लीनिक विशेष लाभकारी सिद्ध हो रहा है।

जोड़ों तथा लिगामेंट से संबंधित चोटों के उन्नत उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश में अब समर्पित स्पोर्ट्स इंजरी क्लिनिक संचालित है। संस्थान के ट्रॉमा सेन्टर में स्थापित ओपीडी एरिया से इस क्लीनिक का संचालन किया जाता है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष फरवरी 2025 में उत्तराखण्ड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के दौरान सरकार द्वारा एम्स ऋषिकेश को खेल व चोट प्रबंधन हेतु अधिकृत किया गया था। वर्ष की शुरूआत में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक चले इस आयोजन के दौरान तब एम्स की स्पोर्ट्स इंजरी क्लिनिक की टीम ने कई खिलाड़ियों का सफल उपचार कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया था। जबकि पिछले महीने 16 नवम्बर को संस्थान के प्रेजिडेन्ट प्रो. राजबहादुर और कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के मार्गदर्शन में कंधा और घुटना एंडोस्कोपी व ऑर्थोस्कोपी कोर्स आयोजित कर स्पोर्ट्स इंजरी क्लीनिक के माध्यम से भी इसे बढ़ावा देने की बात कही गयी थी। संस्थान द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही इस स्वास्थ्य सुविधा से बाइक दुर्घटनाओं में लगने वाली घुटने की चोट, जोड़ों को खिसक जाने और तेज दर्द जैसी समस्याओं का समाधान भी आसान हो जायेगा।

### सप्ताह में तीन दिन चलता है क्लीनिक



**ज्यादातर मरीज ऐसे होते हैं जिन्हें फिसलने या बाइक से गिरने के कारण घुटने व लिगामेंट की गंभीर चोटें आ जाती हैं। ऐसे सभी घायलों के अलावा कंधे, घुटने, कूल्हे एवं टखने के दर्द और लीगामेंट टेंडन से संबंधित जोड़ों के दर्द से ग्रसित रोगियों का इलाज और आवश्यक परामर्श इस क्लीनिक के माध्यम से उपलब्ध करवाया जा रहा है। यह क्लीनिक ट्रॉमा सेन्टर के भूतल पर प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सप्ताह में 3 दिन संचालित होता है।**

**-प्रो. कमर आजम, विभागाध्यक्ष ट्रॉमा सर्जरी व प्रमुख स्पोर्ट्स इंजरी क्लीनिक**

### स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाये



**संस्थान का उद्देश्य खिलाड़ियों व सामान्य मरीजों को उन्नत उपचार और पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध करवाकर उन्हें शीघ्र स्वस्थ करना है। स्पोर्ट्स इंजरी क्लीनिक की उपलब्धियों के साथ ही एम्स ऋषिकेश देश का एकमात्र संस्थान है, जहां पिछले 5 वर्षों से स्पोर्ट्स इंजरी पाठ्यक्रम में एमसीएच की उपाधि प्रदान की जा रही है। लोगों को चाहिए कि वह संस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।**

**-प्रो. मीनू सिंह, कार्यकारी निदेशक एम्स ऋषिकेश।**

# बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में कैद किया

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (केटीआर) से सटे विकासखंड जयहरीखाल के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमलेसा के तोक ग्राम डाल्यूंगज और इससे सटे सिरोबाड़ी गांव में पिछले पांच दिसंबर से दहशत का पर्याय बने बाघ को वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में कैद कर लिया है। रविवार सुबह करीब 4 बजे के आसपास टीम ने सिरोबाड़ी गांव में उसे ट्रैंकुलाइज करने में सफलता प्राप्त की। इसके बाद उसे पिंजरे में कैद कर कॉर्बेट के ढेला रेंज ले जाया गया है। बाघ के पकड़े जाने के बाद अब क्षेत्रवासियों ने चैन की सांस ली है। बता दें कि ग्राम पंचायत अमलेसा के तोक गांव डाल्यूगंज में विगत पांच दिसंबर को चारा पत्ती काट रही बुजुर्ग महिला उर्मिला देवी को बाघ ने हमलाकर मार डाला था। घटना के बाद से बाघ लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश था और वे लगातार बाघ की पकड़ने की मांग कर रहे थे। कार्बेट के पशु चिकित्सक डॉ. दुष्यंत कुमार के नेतृत्व में एसओजी व रेस्क्यू टीम उसकी निरंतर निगरानी कर रही थी। केटीआर की प्लेन रेंज के रेंजर अमोल इष्टवाल ने बताया कि पकड़े गये बाघ को ढेला रेंज ले जाया गया है।



फाइल फोटो

# बलूनी ने संसद में मुद्दा उठाया गढ़वाल सभा ने आभार जताया

**कोटद्वार (चिंगारी)।** गढ़वाल हितैषिणी सभा द्वारा गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को पत्र भेजकर संसद में उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में गुलदार, भालू आदि वन्यजीवों के हमलों का मुद्दा उठाने पर आभार जताया गया। सांसद बलूनी को पत्र भेजते हुए सभा के महासचिव पवन कुमार मैठानी ने कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मूलनिवासी वन्य जीवों के लगातार हो रहे हमलों से दहशत में है। आए दिन वन्यजीवों के हमलों में लोग जान गंवा रहे हैं या घायल हो रहे हैं। ग्रामीण स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर शासन- प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं मगर धरातल पर सरकार व वनाधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पौड़ी जनपद में बाघ, गुलदार व भालू के हमलों से ग्रामीण परेशान हैं। जयहरीखाल, खिर्सू, पाबौ, पोखड़ा, रिखणीखाल, यमकेश्वर व कोट ब्लॉक में वन्य जीवों के असंख्य हमले हो चुके हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में यह मुद्दा उठाने पर गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी का गढ़वाल हितैषिणी सभा की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

# शुरू नहीं हो पा रहा मोटर मार्ग का काम लोगों ने सड़कों पर उतरकर लगाया जाम

**कोटद्वार (चिंगारी)।** गढ़वाल की लाईफलाइन कही जाने वाली लालढांग-चीलरखाल मोटर मार्ग के निर्माण में हो रही देरी से आक्रोशित लोगों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। बड़ी संख्या में महिलाएं, पूर्व सैनिक और युवाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एनएच पर जाम लगा दिया। पुलिस प्रशासन लगातार नारेबाजी कर रहे लोगों को समझाता रहा। लेकिन आक्रोशित लोगों ने अनदेखी का आरोप लगाते हुए पुलिस की भी नहीं सुनी। रविवार को देवी मंदिर में एकत्र हुए लोग जुलूस की शक्ल में झंडाचौक तक पहुंचे। जहां सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा गया कि लालढांग-चिलरखाल मार्ग पर आजादी के पहले से लोग आवाजाही करते रहे हैं। इस मार्ग के निर्माण में वन एवं वन्यजीव कानून की जटिलताएं बाधक बन रही हैं। जबकि पहाड़ के लोग पर्यावरण के सबसे बड़े पुरोधा हैं। कानूनों को शिथिल कर केंद्र व राज्य सरकार को सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक कहा कि हमें हर हाल में लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग चाहिए। कहा कि पिछले तीन महीनों से धरना-प्रदर्शन जारी है लेकिन शासन-प्रशासन आंखें मूंदे हुए है। स्पष्ट किया कि जब तक सड़क नहीं बनेगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# वार्डवासियों ने किया महापौर का सम्मान

**कोटद्वार (चिंगारी)।** पदमपुर मोटाढ़ाक क्षेत्र के अंतर्गत उमरावनगर कॉलोनी में बोर्ड बैठक में वार्ड 31 पदमपुर से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों के स्वीकृत होने पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत का पार्षद सौरव नौडियाल और उमरावनगर जनकल्याण समिति द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेयर शैलेन्द्र रावत ने स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर नगर निगम से जुड़ी सड़क, जलापूर्ति, नालियों, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने उपस्थित जनता को आश्वस्त किया कि प्राप्त समस्याओं का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाएगा तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में समान विकास सुनिश्चित करना है और जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर जगमोहन रावत, कैलाशचंद्र बलोधी, पंकज नेगी, प्रकाश चंद्र देवरानी, हरीश जोशी, विमला शुक्ला, गुड्डी गुसाईं, मीनाक्षी जुयाल, बीना भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# नैनीताल जिले को नाबार्ड की बड़ी सौगात

## 1.88 करोड़ से अधिक की अनुदान सहायता से तीन मेगा विकास परियोजनाओं को स्वीकृति

**नैनीताल (चिंगारी)।** नैनीताल जिले के लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा तीन बड़ी और महत्वाकांक्षी विकासात्मक परियोजनाओं को अनुदान सहायता के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से कुल 1.88 करोड़ से अधिक की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। ये सभी परियोजनाएं नाबार्ड की बड़ी श्रेणी की अनुदान परियोजनाओं में शामिल हैं, जिनकी स्वीकृति उत्तराखंड राज्य में बहुत सीमित संख्या में दी जाती है। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि हाल ही में राज्य में स्वीकृत ऐसी गिनी-चुनी बड़ी परियोजनाओं में से तीन परियोजनाएं नैनीताल जिले से संबंधित हैं, जिनमें से दो परियोजनाएं केवल नैनीताल जिले में ही स्वीकृत की गई हैं, जबकि एक परियोजना राज्य में स्वीकृत कुल दो परियोजनाओं में से एक है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, नैनीताल मुकेश बेलवाल ने बताया कि इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य जिले के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सतत आजीविका के अवसर सृजित करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा स्थानीय समुदायों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जनजातीय विकास, ग्रामीण पर्यटन और जल एवं मृदा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इन परियोजनाओं के माध्यम से नैनीताल जिले के समग्र ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

NABARD

# लोगों को संगठन से जोड़ेगा हिंदू जागरण मंच

**कोटद्वार (चिंगारी)।** हिंदू जागरण मंच की जिला कार्यकारिणी की बैठक संगठन विस्तार के लिए सदस्यों को जोड़ने के साथ ही लव जिहाद, भूमि जिहाद जैसे मामलों पर रोक लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने पर बल दिया गया। रविवार को गोविन्द नगर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला संयोजक सौरभ गोदियाल ने कहा संगठन में ही शक्ति है और जब तक जनपद में संगठन में मजबूती नहीं होगी तब तक सभी सदस्यों को एक मिशन के रूप में काम करना पड़ेगा। इस दौरान सभी खंडों में जल्द से जल्द कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। जिला सह संयोजक प्रीतम नेगी ने इस मौके पर हिन्दू उत्पीड़न की समस्याओं पर चर्चा की। धर्म परिवर्तन एवं संस्कृति के विरुद्ध हो रहे षडयंत्र पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में बबलू नेगी को सर्व सम्मति से कोटद्वार नगर सहसंयोजक मनोनीत किया गया। इस मौके पर संगठन मंत्री नरेन्द्र, जिला सहसंयोजक अनूप ध्यानी, नगर संयोजक सत्यप्रकाश ढौंडियाल, संदीप डोबरियाल, नीरज ढौंडियाल, सत्यपाल सिंह, आनंद गोस्वामी, पूजा बिष्ट, अनीता देवी, शान्ति देवी, प्रीति देवी, रविन्द्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# इम्तिहान इल्म अखलाक व किरदार की तामीर है: मौलाना लईक



नजीबाबाद (चिंगारी)। मदरसा इस्लामिया अरबिया इमदादुल उलूम जोगीरम्पुरी में तालीमी साल के दौरान निहायत नजम के साथ एक कंपटीशन किया गया। कंपटीशन में तलाबा व तालिबात ने पूरे जोरशोर व मेहनत के साथ शिरकत की। असातिजाए किराम की निगरानी में कंपटीशन हुआ व नताईज का ऐलान किया गया। पोजीशन हासिल करने वाले तलाबा व तालिबात के एजाज में एक मुख्तसर तकरीब रखी गई। पोजीशन हासिल करने वाले बच्चों को इदारे की जानिब से उन्हें शायाने शान इनामात से नवाजा गया। इस मौके पर टीचरों ने कामयाब बच्चों की मेहनत लगन व तालीम को सराहा व दीगर तलबा को भी मेहनत लगन के साथ तालीम हासिल करने की तरगीब दी। मौलाना लईक साहब ने इस बात पर जोर दिया कि इम्तिहान का मकसद सिर्फ नंबर हासिल करना नहीं बल्कि इल्म, अखलाक व किरदार की तामीर है। तलाबा को गैर हाजिर न होने पर भी जोर दिया गया। आखिर में तमाम बच्चों की कामयाबी इदारे आने की तरक्की व तालिमी बेहतरी के लिए दुआ की गई। कोल्हू वाली मस्जिद के इमाम मौलाना इम्तियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

# हल्दौर सीएचसी में दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया

**हल्दौर (चिंगारी)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों नागरिकों ने रक्तदान किया। आज सीएचसी पर आयोजित रक्तदान महादान कैंप में जिला चिकित्सालय से आई टीम के डॉ. जासमीन खांन, स्टॉफ नर्स मुकेश देवी, एलटी योगेंद्र शर्मा, विमल गहलौत, नरेश कुमार, धीरज कुमार, कमल कुमार ने रक्तदान करने आये नागरिकों का रक्त लिया। कैंप में फार्मासिस्ट राधा रमन शर्मा, कपिल शर्मा, संदीप चौहान, राजेश वर्मा, हिमांशु शर्मा, मुकुल गुप्ता, विपुल कुमार, रजत चौहान, नमन मारवाड़ी आदि ने अपना रक्त दिया। इस अवसर पर डॉ. अरसी नाजज़्, डॉ. शालू चौधरी सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।


रक्तदान शिविर में रक्तदान करते फार्मासिस्ट राधा रमन शर्मा।

## किसान मजदूर महासंग्राम के मीडिया प्रभारी बने- डॉ. वसीम बारी



नजीबाबाद (चिंगारी)। किसान मजदूर महासंग्राम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुबीन अहमद अंसारी का नजीबाबाद कार्यालय पर पहुंचने पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन के कार्यकर्ताओं को सामाजिक कार्य करने तथा बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीब बेसहारा लोगों की सहायता करने के निर्देश दिये। सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने का अहवान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डॉ. वसीम बारी को किसान मजदूर महासंग्राम संगठन की टोपी ओढ़ा कर उन्हें जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया। जबकि हिशामुल उल हक को नगर युवा उपाध्यक्ष, डॉ. मजहर आलम मंडल उपाध्यक्ष, फतहयाब खान जिला उपाध्यक्ष, शादान शेख जिला युवा महासचिव, मोहम्मद सलमान आलम युवा जिला उपाध्यक्ष, आदिल चौधरी युवा नगर सचिव, मोहम्मद सुलेमान युवा नगर अध्यक्ष मनोनीत किये गये।

# सरभंग बाबा आश्रम पर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया



बिजनौर (चिंगारी)। चिड़ियापुर भागूवाला सरभंग मालिक बाबा जी के आश्रम पर योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट, बिजनौर के अध्यक्ष योगेश कुमार के द्वारा से भक्तों के लिए नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टर योगेश कुमार प्राकृतिक चिकित्सक ने बॉडी एनालाइजर मशीन से सभी भक्तों का फुल बॉडी परीक्षण किया तथा रोगों को ठीक करने के लिए आहार परिवर्तन के माध्यम से स्वस्थ रहने के तरीके बताए। डॉक्टर नरेंद्र सिंह प्राकृतिक चिकित्सक ने नाड़ी परीक्षण कर रोगियों का आयुर्वेदिक उपचार किया। आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां नि:शुल्क वितरित की तथा आसपास की जड़ी बूटियों से स्वस्थ रहने के तरीके बताए। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष ओपी शर्मा ने रोगियों की एक्यूप्रेशर मसाज की तथा मसाज से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। श्री रामनाथ सिंह योगाचार्य ने योगासन और प्राणायाम द्वारा लोगों को ठीक करने के उपाय बताए। शिविर में लगभग 100 भक्तों का उपचार किया गया। सेवादार बीनू त्यागी, कुलदीप एडवोकेट एवं योगी अनंत योग एवं वैलनेस सेंटर के मैनेजर संजीव कुमार, हिमांशु सिंह एवं अन्य सेवादारों ने शिविर में पूर्ण सहयोग किया। आश्रम में सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। दूर-दूर से आए भक्तों ने बाबा जी का आशीर्वाद लिया तथा आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# अनुभव और अनुशासन को तरजीह

## भाजपा ने दिए नई रणनीति पर आगे बढ़ने के संकेत

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)**। भाजपा ने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर संगठनात्मक राजनीति में अहम संदेश देने की कोशिश की है। यह फैसला केवल बिहार की राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे दूरगामी राष्ट्रीय निहितार्थ से जोड़कर देखा जा रहा है।

भाजपा नेतृत्व के इस कदम ने दर्शाया है कि वह पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव को आगे बढ़ाने के साथ अनुभव, अनुशासन और वैचारिक निष्ठा को तरजीह दे रही है। माना जा रहा है कि आगे भी पार्टी इसी नई रणनीति पर आगे बढ़ती रहेगी। नितिन की कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी पीढ़ीगत बदलाव का बड़ा प्रयोग है। यह प्रयोग नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद केंद्रीय संगठन, मोदी मंत्रिमंडल में बदलाव के साथ पार्टी शासित राज्यों में भावी बदलाव में भी दिखेगा। नई राष्ट्रीय टीम में तीस फीसदी पद नए चेहरों के नाम होगी। इसी प्रकार पार्टी शासित राज्यों खासतौर पर उत्तर प्रदेश में मकर संक्रांति के बाद होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार में भी इसकी छाप दिखाई देगी।



पार्टी ने नितिन को राष्ट्रीय संगठन में शीर्ष भूमिका देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्यों के अनुभवी और भरोसेमंद नेताओं को केंद्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी देने की नीति पर आगे बढ़ रही है। भाजपा के रणनीतिक हलकों में यह नियुक्ति उस दौर की तैयारी के रूप में देखी जा रही है, जब पार्टी एक साथ कई राज्यों में विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ेगी। संगठन में लंबे समय तक काम कर चुके नितिन को यह जिम्मेदारी मिलना दर्शाता है कि पार्टी चुनाव प्रबंधन और सांगठनिक कौशल पर भी प्राथमिकता दे रही है। नितिन लगातार क्षेत्र और संगठन में अपनी पकड़ की छाप लगातार छोड़ते आए हैं। मसलन जब लालू-नीतीश के साथ आने के बाद 2015 के विधानसभा चुनाव में भाजपा औंधे मुंह गिरी, तब भी नितिन अपनी सीट से बड़ी अंतर से जीते। साल 2020 के चुनाव में जब कांटे की टक्कर हुई तब उन्होंने बॉलीवुड के दिग्गज शत्रुघ्न सिन्हा के पुत्र लव सिन्हा को 84000 से अधिक बड़े अंतर से हराया। बीते चुनाव में भी उन्होंने बांकीपुर सीट से करीब 52 हजार के अंतर से जीत दर्ज की। बिहार सरकार में तीन बार मंत्री पद संभालने के कारण उनके पास प्रशासन का भी अच्छा अनुभव है।

### पीढ़ीगत बदलाव की ओर पहला कदम

वर्ष 2023...छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव...कांग्रेस से लेकर चुनावी विशेषज्ञों तक को पूरा भरोसा था कि सत्ता में भूपेश बघेल सरकार की फिर वापसी हो रही है। मगर, भाजपा के चुनाव प्रभारी रहे नितिन नबीन ने अपनी मेहनत और कार्यकर्ताओं में जोश भरकर पूरी बाजी ही पलट दी। नितिन तब 43 साल के थे, मगर उस कामयाबी की गूंज ने उन्हें दो साल में ही भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचा दिया।

### युवा वोटरों पर फोकस

उनकी नियुक्ति को पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव की शुरुआत माना जा रहा है। दरअसल, भाजपा के वर्तमान केंद्रीय नेतृत्व पर नजर डालें तो 50 वर्ष से कम उम्र का कोई नेता बड़े पद पर नहीं दिख रहा। जबकि कुछ वर्षों से पार्टी का फोकस युवा वोटरों पर रहा है। ऐसे में युवा नबीन को मौका देना पीढ़ीगत बदलाव की ओर पहला कदम है। अप्रैल 1980 में स्थापना के बाद 55 साल के अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। बाद में लालकृष्ण आडवाणी ने यह पद संभाला।

# ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत, दूसरा व्यक्ति घायल



घटनास्थल पर घायलों को अस्पताल भेजती पुलिस।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार की रात करीब दस बजे बिजनौर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में मरीज को भर्ती कराकर घर वापस लौट रहे ई रिक्शा सवारों को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें ई–रिक्शा चालक बलराम उर्फ बंटी (35) पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम पौटा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा में सवार गजराज सिंह पुत्र बत्तू सिंह निवासी ग्राम अजीतपुर दासी थाना क्षेत्र धामपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक श्रीकांत सत्यार्थी ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने बलराम सिंह उर्फ बंटी को मृत घोषित कर दिया। जबकि गम्भीर रूप से घायल गजराज सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक की पत्नी रूबी की तहरीर पर आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बाइक गई फिसल, युवक हुआ घायल

***नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार की देर शाम करीब आठ बजे थाना क्षेत्र मंडावली के गांव सिकरौंदा निवासी युवक पंकज कुमार ( 33 ) पुत्र अजयपाल सिंह बाइक द्वारा मुरादाबाद की ओर जा रहा था। जब वह क्षेत्र के गांव मुबारकपुर नवादा के पास पहुंचा तो उसकी बाइक फिसलकर सड़क पर गिर गई। घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर दौलतपुर चौकी इंचार्ज अमूल मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को एम्बुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने युवक की नाजुक हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया।*

## पुष्पेन्द्र शेखावत बने शिशु मंदिर व्यवस्थापक


पुष्पेन्द्र शेखावत

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शिशु शिक्षा समिति प.उ.प्र. गाजियाबाद ने हुकूमतपुर रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कालिज प्रबंधन कमेटी में संम्बोधन करते हुए पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह के सुपुत्र पुष्पेन्द्र शेखावत को व्यवस्थापक मनोनीत किया है। इसके अलावा सिद्धार्थ कुमार को सह व्यवस्थापक तथा पंकज गोयल को सदस्य मनोनीत किया है। विद्यालय में नवमनोनीत पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा।

## युवा शिवसेना ने मुहिम चलाई कई लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई



**चांदपुर ( चिंगारी )।** युवा सेना शिवसेना (यूबीटी) को मजबूत बनाने के लिए अभियान चलाकर बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। ग्राम तालिबपुर चांदपुर में आयोजित बैठक में शिवसेना युवा सेना के जिला प्रमुख विकास त्यागी ने आदेश त्यागी निवासी तालिबपुर को युवा सेना शिवसेना जिला उपप्रमुख, प्रिंस सैनी को तहसील महासचिव, रोहित सैनी को जिला उपप्रमुख, गौरव सैनी को तहसील सचिव, नरेश सैनी को तहसील प्रभारी, जितेंद्र सैनी व अंकित सैनी को तहसील उपप्रमुख मनोनीत किया गया। शिवसेना युवा सेना जिला प्रमुख विकास त्यागी ने पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान कर शिवसेना की विचारधारा के अनुकूल समाजसेवा करने का आवाहन किया। इस अवसर पर नकुल देओल, जयदेव त्यागी, कपिल कुमार, रोहित सैनी, अंकित सैनी, आयुष त्यागी, नरेश सैनी, आदेश त्यागी, प्रिंस सैनी, सार्थक त्यागी, जिगर त्यागी, देव त्यागी, युग त्यागी, जितेंद्र सैनी, गौरव सैनी, आदेश त्यागी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया आर्य समाज का वार्षिक उत्सव

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आर्य समाज इस्माईलपुर का तीन दिवसीय 86वां वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

वार्षिक उत्सव में प्रसिद्ध भजनोपदेशक भीष्म आर्य, उपदेशिका छवि आर्या, ओमप्रकाश आर्य और नरेंद्र आर्य ने सत्य सनातन वैदिक धर्म के अनेक नियमों के विषय में एवं धर्म के अनेक बिंदुओं पर भजनोपदेश व प्रवचन कर ईश्वर के स्वरूप को समझाया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज के संरक्षक रणधीर सिंह आर्य, आर्य समाज इस्माइलपुर के प्रधान दीपक कुमार आर्य, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार आर्य, उपप्रधान उदयवीर आर्य, उपमंत्री अमित आर्य व ग्राम प्रधान रामवीर आर्य ने समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संयुक्त रूप से किया। उत्सव में उपस्थित हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के प्रांत सहसंयोजक संग्राम सिंह ने सनातन धर्म में परिवार की समस्या को सुधारने और परिवारों को संयुक्त बनाने के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज भारत के सभी धार्मिक संगठन एक होकर अपनी सनातन संस्कृति को बचाने और उसका संवर्धन करने का प्रयास कर रहे हैं। आर्य समाज इस्माईलपुर के 86वें वार्षिक उत्सव के अंतिम दिन हवन हुआ तथा उसके बाद आर्य समाज जिला बिजनौर के सभी पदाधिकारियों की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई, जिसमें आर्य समाज के उद्देश्यों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने, समाज में चल रही कुरीतियों को खत्म करने देश व धर्म की रक्षा के लिए तत्पर रहने पर चर्चा हुई।

## शिविर में आये दो हजार लोग



**चांदपुर ( चिंगारी )।** विवेक हास्पिटल बिजनौर के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में सभी रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां भी दी गईं। रहमानिया गर्ल्स इंटर कालेज चांदपुर में आयोजित शिविर में गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा. निखिल चौधरी, गैस्ट्रो फिजिशियन एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डा. शिवम गुप्ता, स्त्री एवं प्रस्तुति रोग इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ डा. श्वेता सिंह, जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विशेषज्ञ डा. नितिन चौहान, हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डा. पीएल साहनी, हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डा. अरविन्द शर्मा, मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. विवेक रघुवंशी, नेत्र एवं मोतियाबिंद विशेषज्ञ डा. विमल वशिष्ठ ने शिविर में आये रोगियों की जांच कर बीमारी से बचाव हेतु आवश्यक सुझाव दिये। इस अवसर पर शिविर में आए लगभग दो हजार रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में अमित गोयल, दीपक मित्तल, धर्मेंद्र अग्रवाल, इरफान मिर्जा, सलोनी मुगल, नरेश जावा, डा. आफताब आलम हाशमी, कामरान हाशमी आदि का सहयोग रहा।

## रामनारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की


स्वर्गीय रामनारायण सिंह को श्रद्धांजलि देते अधिवक्ता।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार को वीएसएम एकेडमी में क्षेत्रीय अधिवक्ता संघ द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता देशराज सिंह एडवोकेट व संचालन नईम अहमद सलमानी एड. ने किया। शोकसभा में उपस्थित बार के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय रामनारायण सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में संरक्षक ग़ालिब हुसैन, राजाराम सिंह, जयकांत कृष्णात्रेय, अशोक चौधरी, सत्यवीर सिंह, सादिक़ हुसैन, मोहम्मद इदरीस, फ़हीम अहमद, क़ादिर चौधरी, मोहम्मद ज़ाहिद, इसरार अहमद, विशाल कुमार, हाजी सिराजुद्दीन, शाहबाज़ अहमद, मनोज अवरोही, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

## सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ ' डेमो डे ' का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर स्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (IIC) 8.0 द्वारा एक प्रभावशाली डेमो डे/आइडिया शोकेस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपने नवोन्मेषी विचार, प्रोटोटाइप और स्टार्टअप अवधारणाओं को प्रस्तुत करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के उत्साही छात्र/छात्राओं ने समाज और उद्योग से जुड़े वास्तविक समस्याओं के समाधान हेतु अपने अभिनव मॉडल और आइडिया प्रस्तुत किए। इस पहल ने छात्रों में रचनात्मकता, समस्या–समाधान क्षमता तथा उद्यमशीलता की सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉलेज निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं और उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम आयोजित करने में IIC 8.0 सेल के प्रेसिडेंट प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल, वाइस प्रेसिडेंट प्रो. अंकित राजन अग्रवाल व एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार एवं रुद्राणी चौहान आदि का विशेष सहयोग रहा।



# लाखों का सामान व नकदी चोरी


घर में बिखरा पड़ा सामान।

**नहटौर (चिंगारी)। चोरों ने अलमारी के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण एवं हजारों की नकदी सहित लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने पुलिस के साथ मौका मुआयना किया।**

रविवार की रात्रि को ग्राम लठमार मिलक निवासी नरेंद्र कुमार उर्फ काले जो राजमिस्त्री का काम करता है, वह अपने बेटे को दवाई दिलवाने के लिये ऋषिकेश गया था। रात्रि में किसी समय चोरों ने घर में घुसकर कमरे में रखी अलमारी से 20000 की नकदी तथा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। ग्रामीणों के अनुसार चोरों ने उसके भाई का दरवाजा आगे से बंद कर दिया। इतना ही नहीं, घर के पीछे लगी कंटीले तार की बाड़ को भी काट दिया,

## सीओ ने किया मौका मुआयना

जिससे वह आराम से फरार हो गए। इसके अलावा ग्राम बसावनपुर निवासी डेरी संचालक के घर से 7 हजार की नकदी चोरी कर ली। इसी गांव निवासी राजकिशोर के घर में भी चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन जाग होने पर चोर राज किशोर पर हमला करके फरार हो गये, जिसे उपचार के लिये बिजनौर ले जा जाया गया।

# आंखों के कैम्प का आयोजन किया


एक व्यक्ति की आंखों को जांचते ऑप्टोमेट्रिस्ट मौ. आरिफ मलिक

**नांगल सोती (चिंगारी)।** द हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल हरिद्वार के द्वारा रविवार को स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में आंखों के कैम्प का आयोजन किया गया। लगभग 150 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। कैम्प में पहुंचे व्यक्तियों की आंखों की जांच करके उन्हें नि:शुल्क दवाइयां और चश्मे वितरित किये गये। जबकि 31 व्यक्तियों को ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। कैम्प के आयोजन के उपरान्त हॉस्पिटल की गाड़ी से 22 मरीजों को ऑपरेशन हेतु हरिद्वार ले जाया गया। कैम्प संयोजक रविकांत, ऑप्टोमेट्रिस्ट मौ. आरिफ मलिक, सहायक मदन राणा मौजूद रहे।

# 17 दिसम्बर को मनाया जायेगा पेंशन दिवस - विजेन्द्र सिंह

**बिजनौर (चिंगारी)।** विद्युत पेंशनर्स परिषद की बैठक में अध्यक्ष विजेन्द्रपाल सिंह ने बताया कि 17 दिसम्बर को अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर पेंशन दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की समस्याओं पर विचार होगा। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारियों से पेंशन दिवस कार्यक्रम में प्रात: 11 बजे पहुंचने का अनुरोध किया है। उधर, संगठन के महासचिव दाऊद हसन ने बताया कि पेंशनर्स की जो भी समस्या लंबित है, वह संगठन को अवगत करा दें। उन्होंने विद्युत बिलों का निस्तारण न होने एवं चिकित्सा भत्ता का भुगतान न होने पर रोष प्रकट किया। सर्वश्री सर्वेश कुमार, पुरूषोतम शर्मा ने भी पेंशन दिवस कार्यक्रम में पहुंचने का अनुरोध किया। बैठक में दिनेशचन्द शर्मा, महावीर सिंह, श्रवण कुमार, अशोक कुमार, सतेन्द्र, शमीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# दादा-दादी दिवस के रूप में मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव



**किरतपुर (चिंगारी)।** संत पीटर्स स्कूल का वार्षिकोत्सव दादा-दादी दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सुंदर नृत्य और नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम की थीम बागवान रखी गई, जिसमें दादा-दादी की कहानी को बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ में बच्चों ने डांस प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी ने बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे एक माली अपने बगीचे की देखभाल करता है, वैसे ही हमारे दादा-दादी हमारी देखभाल करते हैं। कार्यक्रम में फादर जॉमी जोंस ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी अपने प्यार और त्याग से बच्चों का विकास करते हैं। कार्यक्रम के फादर बीजु, प्रधानाचार्य सिस्टर निकिता आदि रहे।

# कुत्ते को ई-रिक्शा से बांधकर घसीटने वाला युवक गिरफ़्तार

**किरतपुर (चिंगारी)।** कुत्ते को ई-रिक्शा में बांधकर घसीटने की वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए ई-रिक्शा को सीज कर दिया और घसीटने वाले को गिरफ्तार कर लिया। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम हुसैनपुर तीरगर का रिक्शा चालक खाकसारतकी अपनी रिक्शा से एक जिंदा कुत्ते को घसीटते ले जा रहा है, जिसकी सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गई है। शिकायत पुलिस तक भी पहुंची, जिस पर थाना प्रभारी पुष्पा देवी ने मानवता का परिचय देते हुए जांच कराई तो मामला सही पाया गया। थाना प्रभारी पुष्पा देवी ने बताया कि रिक्शा चालक के खिलाफ पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और ई-रिक्शा को सीज़ कर दिया है और खाकसरतकी को गिरफ्तार कर लिया है। खाकसार ने बताया कि कुत्ता आवारा था। अक्सर उसके घर में घुसकर नुकसान करता रहता था, इसलिए उसने ऐसा किया, फिलहाल कुत्ते की हालत ठीक है।

# शिक्षणेत्तर संघ का प्रांतीय सम्मेलन 22 व 23 दिसंबर को

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रांतीय सम्मेलन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व माध्यमिक शिक्षामंत्री मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन 22 व 23 दिसंबर को लखनऊ के रवीन्द्रालय भवन में आयोजित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंशुल शर्मा, जिला मंत्री योगेश कुमार व जिला कोषाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में होने वाले प्रदेश सम्मेलन में प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व माध्यमिक शिक्षामंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जबकि प्रदेश के शिक्षा निदेशक महेंद्र देव व महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि संगठन के पहले दिन संगठनात्मक संरचना, प्रदेश संगठन के चुनाव, सदस्यता, प्रदेश के निष्क्रिय जनपदों में सक्रियता बढ़ाने, शासन में लंबित मांगों, शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश नकदीकरण, पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति दूर करने, भर्ती पर रोक हटाने, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनाने आदि मांगों पर चर्चा की जाएगी, जबकि दूसरे दिन सम्मेलन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व माध्यमिक शिक्षामंत्री गुलाब देवी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव व महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी का संबोधन व संगठन की ओर से अतिथियों का सम्मान होगा। सम्मेलन में माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

## डिप्टी सीएम व शिक्षा मंत्री रहेंगे मुख्य अतिथि

# अचानक दुकान में लगी आग एक लाख का हुआ नुकसान

**नहटौर (चिंगारी)।** परचून की दुकान में अचानक आग लगने से हड़कम्प मच गया, लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। 40 हजार की नकदी सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। धामपुर रोड स्थित वीके काम्प्लेक्स में सुयश अग्रवाल की परचून की दुकान है। रविवार की सायं को बराबर की दुकान में आकर अचानक गैस सिलेंडर की लीकेज से आग लग गई। आग की उठी लपटों से सुयश अग्रवाल की दुकान में रखा काफ़ी सामान जल गया। व्यापारी के अनुसार दुकान में आग लगने से करीब चालीस हजार की नगदी और अन्य सामान सहित एक लाख से अधिक मूल्य का आर्थिक नुकसान हुआ है, वहीं व्यापारी व अन्य लोगों ने भागकर जान बचाई। आसपास के दुकानदारों व लोगों ने एकत्रित होकर पानी डालकर आग पर काबू पाया। मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है।

# जिसने अपने मन को धो लिया, वही मनुष्य शांति प्राप्त करता है !





**नहटौर (चिंगारी)।** सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों ने कहा कि जिसने अपने हृदय को धो लिया अर्थात जिसने अपने उलट-पुलट विचारों को सीधा कर लिया तथा जो व्यथित या अशांत नहीं रहता है, जो मन को चंद्रमा की तरह शीतल रखता है और आनंदित रहता है, वही मनुष्य इस संसार में शाश्वत शांति को प्राप्त करता है।

फुलसंदा आश्रम में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों ने कहा कि शाश्वत शांति का अर्थ है छोटी-छोटी बातों से विचलित न होना, ब्रह्म शांति में निमगन रहना। परमेश्वर के ध्यान में लीन हुआ ऐसा व्यक्ति प्रकाश को अपनी अंतरात्मा में प्राप्त कर लेता है। वह जीवन में धन्यता का अनुभव करता है। उन्होंने पर ब्रह्म परमेश्वर के ध्यान की प्रक्रिया को बताते हुए कहा कि ध्यान के अंतर्गत ओंकार की गुंजार को सुनें। उन्होंने कहा कि ज्ञानी पुरुष सम्मान की आकांक्षा का त्याग कर देते हैं तथा मान-अपमान में एक सा रहे, जो ब्रह्म विद्या को त्याग कर अन्य विद्या में परिश्रम करते हैं, सो जीते जी शीघ्र ही कुटुम्ब सहित शुद्र भाव और आसुरी भाव को प्राप्त हो जाते हैं। सत्संग कार्यक्रम में भारी संख्या श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# नवोदय विद्यालय सैंदवार में हुआ पुरातन छात्र सम्मेलन






**बिजनौर (चिंगारी)।** रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय सैंदवार चांदपुर में पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। सुबह से ही दूर दराज के इलाकों में नौकरी कर रहे पूर्व छात्रों का विद्यालय में आने का सिलसिला शुरु हो गया था। सभी पूर्व छात्रों का विद्यालय परिसर में बैज लगाकर व पटका पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नवोदय प्रार्थना से हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरीश चौहान ने पूर्व छात्रों और पूर्व अध्यापकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने अपने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का उल्लेख किया और बताया कि प्रत्येक वर्ष 10 वीं और 12 वीं का परीक्षाफल लगभग शत-प्रतिशत रहता है और उन्हें गर्व है कि कुछ छात्रों का चयन प्रतिष्ठित कॉलेजों में होता है। इसके बाद विद्यालय की ई-पत्रिका का विमोचन किया गया। ई-पत्रिका के विमोचन के बाद सभी शिक्षकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों का आपस में परिचय कराया गया।

नवोदय विद्यालय से उत्तीर्ण हुए छात्रों को 25 वर्ष पूर्ण करने पर 2000 बैच के लिए सिल्वर जुबली हर्षोल्लास से मनाया गया। बैच के सभी पूर्व छात्रों ने सभी शिक्षकों को उपहार और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रथम बैच 1999 वालों के सौजन्य से विद्यालय में छात्रों को गर्म पानी के लिये गीजर लगवाया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित पूर्व प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह, एम के मट्ठू, श्रीमती शबाना का आशीष वचन सुनकर सभी पूर्व छात्र उल्लसित हो गए। श्रीमती सुशीला चंद्रा ने पूर्व के समय को याद करते हुए उस समय की समस्याओं तथा परिस्थितियों को विद्यार्थियों के समक्ष साझा किया। श्रीमती बीना रावत और राजेश्वर राय ने विद्यार्थियों से पुरातन छात्रों का अनुभव लेते हुए कहा कि आगे के कैरियर के लिए तैयार रहना चाहिए। विद्यालय के छात्रों ने मणिपुरी और कथक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रीता सिंघल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के अध्यापकों के अलावा पुरातन छात्र राजीव सिंह, सचिन राजपूत, आलोक, मुकेश गुप्ता, भूपेंद्र, पंकज, श्वेता चौधरी, श्वेता चौहान, डॉ. पूजा, दीपशिखा, डॉ. जैनेन्द्र सिंह, कपिल कुमार, आशीष सिसौदिया, अरुण कुमार, करन, मयंक त्यागी, दीपक चौहान, निरंकार, नीरू, अंशुल, अनुपमा, मीनाक्षी, दीपांशु, हरीशपाल, विकास, सुधीर शर्मा, भारती आदि का सहयोग रहा।

# विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह आयोजित




**चांदपुर (चिंगारी)।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज चांदपुर का वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान व मुख्य वक्ता विद्या भारती के प्रदेश संगठन मंत्री मेरठ प्रांत थे। कल शाम विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के छात्रों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान ने कहा कि विधा भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे पढ़ाई के साथ साथ अपने माता-पिता, गुरुजनों व बड़ों का सम्मान भी करते है। सीबीएसई पैटर्न होने के बावजूद यहां बच्चों को संस्कारिक शिक्षा दी जा रही है। मुख्य वक्ता प्रदीप गुप्ता ने विद्या भारती के इतिहास को बताते हुए समाज में विद्या भारती के विद्यालयो की उपयोगिता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शिवकुमार, उपेन्द्र कुमार संभाग निरीक्षक विद्या भारती, प्रो साधना, विधालय के प्रबंधक पंकज वैश्य, पंकज चौहान एडवोकेट, विधालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार, कार्यक्रम संयोजक रवेन्द्र कुमार,विकास कर्णवाल, मोहित अग्रवाल, मीनू राजपूत,अशोक कुमार नेताजी, चौ. वीर सिंह,राजेन्द्र त्यागी, रामकुमार शर्मा, हेमेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार शर्मा, मुनेश कुमार, डा. दीप्ति अग्रवाल, सुनील शर्मा, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में सांसद चंदन चौहान के साथ साथ विद्या भारती के सभी प्रधानाचार्यों, आचार्यों व पत्रकारो को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन वैभव वर्मा व अक्षरा भाटिया ने संयुक्त रूप से किया।

# हेनरिटा सिंह के नेतृत्व में हजारों कांग्रेसी पहुंचे रैली में



**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित रैली में बिजनौर जिला कांग्रेस कमेटी ने उत्साहपूर्ण और बड़ी संख्या में भागीदारी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेनरिटा राजीव सिंह के कुशल नेतृत्व में बिजनौर से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता बसों और कारों के बड़े काफिले के साथ रैली में शामिल हुए। यह भागीदारी बिजनौर कांग्रेस की संगठनात्मक शक्ति और कार्यकर्ताओं के जोश का प्रतीक थी। श्रीमती हेनरिटा राजीव सिंह ने कार्यकर्ताओं का नेतृत्व करते हुए रैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में बसें और कारें भरकर आए कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के संबोधन का उत्साह से स्वागत किया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस के संकल्प को मजबूत किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम





**मंडावर (चिंगारी)।** कनकेश्वर महादेव सरस्वती शिशु मंदिर, डेवलगढ़ में विद्या भारती में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी की भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं में भूमिका, मां का कर्तव्य, बालक के सर्वांगीण विकास में मां का योगदान तथा पर्यावरण एवं कुटुंब प्रबोधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सावित्री देवी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रजनी कालरा नगीना विधानसभा क्षेत्र संयोजिका एवं क्षेत्रीय महिला प्रमुख, मेरठ उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में कविता सैनी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य वक्ता के रूप में कुमुद शर्मा आचार्या एवं रेनू चौधरी ने प्रेरणादायक उदबोधन प्रदान किए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम का संचालन सुहानी चौधरी ने किया। बच्चों ने स्वागत गीत एवं वीरांगनाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के मध्य प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों को पुस्तक एवं पेन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। अंत में मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बिजली के स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से खुली लूट - अख़लाक़ पप्पू



अख़लाक़ पप्पू

**बिजनौर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी प्रवक्ता अख़लाक़ पप्पू ने कहा कि ने कहां कि जनता से स्मार्ट मीटर के नाम पर खुली लूट की जा रही है। प्रेस को जारी बयान में कहा कि सरकार का ये आदेश ना केवल जनविरोधी है, बल्कि इलेक्ट्रीसिटी एक्ट 2003 की धारा 55 का खुला उलघनं भी है, जिससे उपभक्ताओं की सहमति के बिना किसी घर में मीटर लगाए जाने पर रोक है। स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। 2018 में जब 2 जी मीटर लगाए गए थे, लोगों ने जनता ने जब भी विरोध किया था, क्योंकि ये मीटर 15 से 20 प्रतिशत तेज चलते हैं। उपभोक्ता का बिल 2000 हजार का तो 2500 रूपये तक जमा करना पड़ता है। सरकार के इस तुगलकी फरमान से जनता में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश चरम पर है। जब सरकार को 4 जी मीटर लगाने थे तो 2 जी मीटर क्यों लगाए, स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को लूटा जा रहा है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर प्रणाली आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ा संकट बनने जा रही है। जैसे ही मीटर में रिचार्ज की राशि खत्म होगी, वैसे बिजली बंद हो जाएगी।

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया

**धर्मशाला ( एजेंसी/चिंगारी )।** अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और हर्षित राणा (दो-दो) के बाद अभिषेक शर्मा (35) और शुभमन गिल (28 ) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 25 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका के 117 रन के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी की। छठे ओवर में कॉर्बिन बॉश ने अभिषेक शर्मा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 35 रनों की पारी खेली। 12वें ओवर में मार्को यानसन ने शुभमन गिल (28) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। तीसरे विकेट के रूप में कप्तान सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुये। शिवम दुबे ने 16वें ओवर की चौथी गेंद पर छक्का और पांचवीं गेंद पर चौका लाकर भारत को जीत सात विकेट से जीत दिला दी। तिलक वर्मा ने 34 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए नाबाद 26 रनों की पारी खेली। वहीं शिवम दुबे ने चार गेंदों में नाबाद 10 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एन्गिडी, कॉर्बिन बॉश और मार्को यानसन एक-एक विकेट लिया। इससे पहले भारत ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहर खराब रही और उसने मात्र सात रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये।




## उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ने ओडिशा मास्टर्स में जीते महिला और पुरुष वर्ग के खिताब

**कटक ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत की उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ने रविवार को ओडिशा मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल का खिताब जीते। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गये महिला एकल फाइनल में टॉप सीड उन्नति हुड्डा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी हमवतन इशारानी बरुआ को आधे घंटे से कुछ ज्यादा समय में 21-17, 21-10 से हराया। महिला एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 28वें नंबर पर मौजूद उन्नति हुड्डा ने शुरू से ही रैलियों पर कंट्रोल रखा, जिससे दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी बरुआ को वह मोमेंटम नहीं मिला। हार के बावजूद, बरुआ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यादगार हफ्ते का समापना रजत पदक के साथ किया। हुड्डा का यह तीसरा बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब है। वहीं पुरुष एकल के फाइनल में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें दूसरे सीड किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया के मुहम्मद यूसुफ को तीन गेम के कड़े मुकाबले में 21-14, 13-21, 21-16 से हराया। दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने पहला गेम जीता, जिसके बाद यूसुफ ने वापसी करते हुए मैच को बराबर कर दिया। लचीलापन और तकनीकी का प्रदर्शन करते हुए किरण जॉर्ज ने कोर्ट पर एक घंटे के बाद निर्णायक गेम जीतकर खिताब अपने नाम किया।



## भारतीय नौसेना की हाफ मैराथन में 7,000 से अधिक धावकों ने लिया हिस्सा

**चेन्नई ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय नौसेना की हाफ मैराथन में रविवार को यहां 7,000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन नशामुक्त भारत, आदिशक्ति के बारे में जागरुकता फैलाने और ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ खड़े होने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें धावकों ने गति, धैर्य और जोश दिखाया। इस मैराथन में तीन कैटेगरी थीं- 21.1 किमी. अड्यार रन, हिम्मत की असली परीक्षा के लिए-10 किमी. परुंडु रन, जो धावक की गति को चुनौती देता है और उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाता है और 3.5 किमी. पल्लव रन-दौड़ने, फिटनेस और समुदाय की खुशी में शामिल होने के लिए था।

## यूपी में खिलाड़ियों को दिये जा रहे प्रोत्साहन, रोजगार और सुविधाएं भविष्य की सुरक्षा का भरोसा : दीप्ति शर्मा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों, मानवीय पक्ष और सराहनीय कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनवरी 2025 में शुरू किए गए पॉडकास्ट बियांड द बैज का 17वां एपिसोड जारी किया गया। इस एपिसोड में अंतराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर, विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और स्पोर्ट्स कोटे से चयनित उत्तर प्रदेश पुलिस की पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दीप्ति शर्मा ने अपने प्रेरणादायक जीवन सफर को साझा किया। इस एपिसोड की मेजबानी प्राची सिंह, आईपीएस, कमांडेंट 32वीं वाहिनी पीएसी ने की। संवाद के दौरान दीप्ति शर्मा ने अपने खेल जीवन, संघर्ष, उपलब्धियों और पुलिस सेवा से जुड़ने के अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। दीप्ति शर्मा ने वर्ष 2014 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण, आयरलैंड के खिलाफ बनाए गए 188 रनों के ऐतिहासिक स्कोर और हालिया आईसीसी महिला विश्व कप जीत को अपने जीवन के सबसे यादगार और प्रेरक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि विश्व कप की यह जीत देश की युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बालिकाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।




# अनाहत सिंह ने इतिहास रचा

## भारत ने हांगकांग को हराकर जीता स्क्वैश वर्ल्ड कप पहला खिताब

**चेन्नई ( एजेंसी/चिंगारी )।** अनाहत सिंह ने ऐतिहासिक प्रदर्शन के दम पर भारत ने फाइनल में हांगकांग को हराकर स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 का अपना पहला खिताब जीता। इसी के साथ भारत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र के बाद स्क्वैश विश्व कप जीतने वाला चौथा देश बन गया है। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश टीम ने खिताब तक पहुंचने के रास्ते में एक भी मैच नहीं हारा। ग्रुप स्टेज के मैचों में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को 4-0 के समान अंतर से हराने के बाद, भारत ने क्वार्टर और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के विजेता मिस्र को 3-0 से हराकर मिक्स्ड-टीम स्क्वैश इवेंट में खिताब के लिए मुकाबला पक्का किया। आज यहां पीएसए रैंकिंग में 79वें स्थान पर मौजूद अनुभवी जोशना चिनप्पा ने भारत को शानदार शुरुआत दी, जब उन्होंने शुरुआती महिला एकल मुकाबले में दुनिया की नंबर 37 ली का यी को 3-1 (7-3, 2-7, 7-5, 7-1) से हराया। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने पुरुष एकल वर्ग मे शानदार प्रदर्शन किया और 42वें नंबर के एलेक्स लाउ को 3-0 (7-1, 7-4, 7-4) से हराकर भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई।




# भारतीय अंडर-19 टीम ने पाकिस्तान को 90 रनों से हराया

**दुबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** ऐरन जॉर्ज (85) , कनिष्क चौहान (46 रन और तीन विकेट) और दीपेश देवेंद्रन (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने रविवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप ए पांचवें मुकाबले में पाकिस्तान को 90 रनों से करारी शिकस्त दी।

भारतीय गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करे हुए पाकिस्तान की पूरी टीम को 41.2 ओवर में 150 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला जीत लिया। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये। समीर मिन्हास (नौ), अली हसन बलोच (शून्य) और अहमद हुसैन (चार) को दीपेश देवेंद्रन ने अपना शिकार बनाया। 14वें ओवर की पहली गेंद पर कनिष्क चौहान ने उस्मान खान (16) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। ऐसे संकट के समय कप्तान फरहान यूसफ और हुजैफा एहसान की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 47 रनों की साझेदारी हुई। भारतीय कप्तानआयुष म्हात्रे ने वैभव सूर्यवंशी को थमाई और उन्होंने 24वें ओवर की आखिरी गेंद पर फरहान यूसफ (23) का शिकार कर भारत की एक बार फिर से मैच में वापसी करा दी। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान चार जल्द ही झटक लिये। 42वां ओवर करने आये किशन सिंह ने अली रजा छह को आउटकर पाकिस्तान को 150 के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला 90 रनों से अपने नाम कर लिया। हुजैफा एहसान ने 83 गेंदों में 70 रनों की पारी खेली। उन्हें 39वें ओवर में कनिष्क चौहान ने आउट किया।





रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।

संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**

सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**

**आर. एन. आई. नं. 2417/57**

**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**

**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# कंटेनर व बस की आमने-सामने से टक्कर में कई यात्री घायल

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली थाना क्षेत्र में यूपी-उत्तराखंड बॉर्डर पर बीती रात्रि करीब 11 बजे कोटावाली नदी पुल पर कंटेनर व बस की आमने सामने की टक्कर में कई यात्री घायल हो गये। कोटावाली नदी पुल पर दोनों साइड से आने वाले वाहन होकर गुजरते है। बीती रात्रि पोंटा साहिब जा रहा कंटेनर पोटा जैसे ही कोटावाली नदी पुल पर पहुंचा तभी सामने से आ रही हरिद्वार से लखनऊ जा रही बस में कंटेनर की साइड लगने से बस में सवार लगभग आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा तुरंत घायलों को मंडावली के ओम चौधरी हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया। ट्रक चालक वीरपाल पुत्र सांगली निवासी गांव शहाबाद जिला रामपुर ने बताया कि वह पंतनगर से पोटा साहब जा रहा था कि सामने से आ रही बस की साइड लग गई। बस चालक अनिल कुमार पुत्र अचल सिंह ने बताया कि हरिद्वार डिपो की बस लखनऊ जा रही थी सामने से आ रहे ट्रक में साइड लग गई। जिसमें दोनों वाहनों के चालक सहित विशोक, मनमोहन, अनिल कुमार, विमलेश, अरुण कुमार, राणा सिंह, जावेद ,पन्नीलाल आदि यात्री घायल हो गए। जबकि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जिन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

Bachpan Play School , Bijnor UP
BACHPAN
WE'RE
HIRING
JOIN OUR TEAM

WE ARE LOOKING ONLY FOR
FEMALE CANDIDATES:
COUNSELLOR / TEACHERS
BACHPAN
• GRADUATION DEGREE
• MINIMUM 6 MONTHS OF EXPERIENCE IN PRE-SCHOOL
• GOOD COMMUNICATTION SKILLS
MAID/HELPER
Submit your resume by : 31th December 2025
SEND YOUR RESUME/CV TO:
7455025144
chandpur3678@bachpanglobal.com
Shree DayaRam Traders,
Near Kohinoor Banquet Hall, Chandpur road, BIJNOR UP

## सलीम कुरैशी चल रहा था फरार, पुलिस ने किया उसे गिरफ्तार



नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने जानलेवा हमले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस बाकी फरार आरोपियों की तलाश में जुट गईं। नगर के मौहल्ला पठानपुरा निवासी नफीस अहमद पुत्र इदरीश ने थाने पर तहरीर देकर कहा था कि 13 नवंबर की शाम वह अपने घर पर था तभी पैसे लेनदेन को लेकर सलीम पुत्र यामीन गाली देता हुआ उसके घर पर आया विरोध करने पर सलीम ने साथियों शमीम, वसीम, बिलाल पुत्रगण यामीन, दानिश पुत्र अनीस, रईस व कल्लू पुत्र अख्तर व एक अन्य व्यक्ति के साथ धारदार हथियार व लाठी-डंडों से वादी व उसके भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें इरशाद अहमद, नफीस अहमद, इकराम अहमद, अफजाल सहित चारों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच पड़ताल के बाद मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। 12 दिसंबर को जब्तागंज चौकी इंचार्ज विनोद कुमार पांडे ने अपनी टीम के साथ दबिश देते हुए आरोपी सलीम पुत्र यामीन को नगर के डबल फाटक से गिरफ्तार कर बड़ी हवेली रवाना कर दिया है। पुलिस बाकी फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## तालाब में चार मगरमच्छ देखे जाने से मचा हड़कंप

नजीबाबाद ( चिंगारी )। तहसील क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद में एक तालाब में चार मगरमच्छ देखे जाने से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के अंदर काफी दिनों से मगरमच्छ है। ठंड के मौसम में मगरमच्छ पानी ठंडा होने के कारण धूप लेने के लिए अक्सर तालाब के बाहर आ जाते है। किसी ने मगरमच्छ तालाब से बाहर आकर बैठने की सोशल मीडिया पर विडियो वायरल कर दी है। जिस पर भाकियू भानु के युवा जिलाध्यक्ष अचल शर्मा ने ग्रामीणों से इस बारे में जानकारी लेने के बाद वनविभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। ग्राम प्रधान ओम प्रकाश ने वन विभाग के अधिकारियों से तालाब के अंदर पल रहे मगरमच्छों को पकड़कर इन्हें जंगल में छोड़े जाने की बात कही है। वनविभाग के डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह ने बताया कि जल्दी ही तालाब के अंदर से मगरमच्छों को रेस्क्यू कर जंगल ले जाकर छोड़ा जाएगा।

## पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा के गजरौला पाईमार मंडल में अरविंद विश्वकर्मा के प्रतिष्ठान पर जिला मंत्री बलराज त्यागी, मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय, भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन, वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह के नेतृत्व में पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई।



रितेश सैन ने कहा कि हम सबको नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्य करने का सौभाग्य मिलेगा। 2027 में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पंकज चौधरी के नेतृत्व में पार्टी को जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर भाजपा के हर्षवाड़ा शक्ति केंद्र संयोजक समीर अहमद, बूथ अध्यक्ष अमजद, शक्ति केंद्र शेखपुरा गढ़ू के संयोजक दिनेश मेहरा, मदन राजपूत, अनुज वशिष्ठ, जितेंद्र, अवनीश, कोमल, अरविंद विश्वकर्मा, नितेश कुमार, हेमेंद्र, पिंकुर रघुवंशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
ATHER ELECTRIC
DECEMBER
You can wait or
YOU CAN SAVE
₹ 20 000*
₹10 000 On Credit Card
₹10 000 Cash benefits

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911